Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(नया)

# बिद्याङ्कुर

मुताबिक़ हुक्म जनाब नव्वाब आनरबल लेफ़्टिनेंट
गवर्नर बहादुर ममालिक शिमाल व मग़रिब
व चीफ़ कमिश्नर अवध

---

राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द ने
बनाया

---

# VIDYÁNKUR:

OR

AN ADAPTATION FROM CHAMBERS'S "RUDIMENTS OF KNOWLEDGE," AND FIRST FEW PAGES OF "INTRODUCTION TO THE SCIENCES."

By RÁJÁ ŚIVAPRASÁD, C.S.I.,

*Fellow of the University of Calcutta, and sometime Inspector of Schools, North-Western Provinces.*

इलाहाबाद—सर्कारी छापेख़ाने में छापा [illegible] या ॥
बिद्यार्थियों के लाभ के लिये
लखनऊ मुंशी नवलकिशोर के छापेख़ाने में छपा ॥
मार्च सन् १८९२ ई०

सकी रजिस्ट्री नं० ११७० सन् १८८६ में हुई कोई छापने का अधिकारी नहीं ॥

editon, 1500, copies }
, per copy 2 annas }

{ तेरहवीं बार १५०० पुस्तकें
{ मोल फ़ी पुस्तक ≈) आने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्री

**श्रीमंत महाराज होळकर सरकारचें**

**विद्याखातें.**

______ परगणे ______

जिल्हा ______ येथील ______

शाळेंतील ______ इयत्तेंतील विद्यार्थी

______ यास

हें पुस्तक वार्षिक परीक्षेसमयीं बक्षीस

दिलें असे. ता० २८ माहे ______

सन १८९२ इ० मुकाम ______

[signature] २४-११-९२

इन्स्पेक्टर विद्याखातें, ______ भाग.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(नया)

# विद्याङ्कुर

मुताबिक़ हुक्म जनाब नव्वाब आनरबल लेफ़्टिनेंट
गवर्नर बहादुर ममालिक शिमाल व मग़रिब
व चीफ़ कमिश्नर अवध

---

राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द ने
बनाया

---

# VIDYÁNKUR:

OR

AN ADAPTATION FROM CHAMBERS'S "RUDIMENTS KNOWLEDGE," AND FIRST FEW PAGES OF "INTRODUCTION TO THE SCIENCES."

By RÁJÁ ŚIVAPRASÁD, C.S.I.,

*Fellow of the University of Calcutta, and sometime Inspector of Schools, North-Western Provinces.*

---

इलाहाबाद—सर्कारी छापेख़ाने में छापा गया था

---

बिद्यार्थियों के लाभ के लिये

लखनऊ

मुंशी नवलकिशोर के छापेख़ाने में छपा

मार्च सन् १८६२ ई०

For Private and Personal Use Only

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

# PREFACE.

WHEN employed under Mr. William Edwards, in Simla, I wrote, as an adaptation from Chambers's "Rudiments of Knowledge" and first few pages of "Introduction to the Sciences," two little books in Nágarí, called "Ma'lúmát" and "Bhúgol," for his schools in the Hill States. Mr. Thomason, the then Lieutenant-Governor of the North-Western Provinces, was so much pleased with them that he handed them over to Mr H. Stewart Reid, the then Director of Public Instruction, to introduce in his village schools. He made them over to his Pandits and Munshís, who, for the Hindí edition, weeded out all the Persian words, giving their place to Sanskrit, and for the Urdu edition in the same way weeded out all the Sanskrit words, and substituted Persian and Arabic. This practice of widening the gulf between one form of the spoken language and the other, or creating two distinct languages for our vernacular, lasted about one-third of a century. The Government order No. 15A., dated 13th June, 1876, has put a stop to such pedantries of Pandits and Munshís, and a reaction has commenced for the restoration of the common language. There is no doubt that the different shades will remain in the language for ages yet to come. Maulvís and Munshís will write as many Persian and Arabic words as they know in Persian characters, and Panditjís will persist in introducing as many Sanskrit words, pure and uncorrupted, as they can in their Nágarí

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

Hindú poets will compose in the Braj Bhasha for where can they find a sweeter language? And rustics cannot forget at once their different local dialects. There is a saying in India that the language differs every two miles! It is fortunate that it differs so much; but even had it not differed, the patois of the masses, no matter what may be their number, cannot be adopted. The State must have a State language, understood by the greatest number possible, yet not derided by well educated men of fashion and polished society. If not very elegant, it must be free from the coarseness of vulgar life: and if not admired by either Hindús or Muhammadans, it must not be shunned or detested by any; —I mean the language which many missionaries adopt when writing the vernacular in Roman characters, although the same gentlemen when writing in Nágarí proclaim a crusade against Persian words, as if Nágarí were less adapted for them than the Roman.

An attempt is being made to bring out all the elementary class books used in the village schools of these provinces in this common language, whether written in Nágarí or Persian characters, and this book being used as the first reader in village schools, under the names of Vidyánkur in Nágarí and Hakáikul Maujúdát in Persian characters, I have been called upon to take up first. I have thought it better to re-write them both in one language, underlining in Nágarí and overlining in Persian characters those words which, being technical, or for some other reason, have been kept separate.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

In the absence of a good standard vernacular dictionary, it is rather difficult to explain the principle on which the words have been selected. However, a few examples may not be out of place here, to show that nothing has been done heedlessly, and that the utmost care has been bestowed upon the subject:—

1. *Ustád* for *Guru.*—The former is used by Hindus and Muhammadans both, but the latter can be used only by Hindus.

2. *Madrasa* for *Pathśála* or *Maktab.*—The former has now become a household word through Upper India, whereas the first of the latter two cannot be used by Muhammadans, nor the second by the Pandits.

3. *Shágird* for *Chelá, Sishya* or *Vidyárthí.*—The former is used by Hindus and Muhammadans both, but the latter three can be used only by Hindus; moreover, the first and the second of them generally convey the sense of a spiritual disciple of some Gosáin, and the second and third are difficult to spell and pronounce, besides that the word Chelá is used for a slave also. On the whole, Ustad and Shágird sound more respectable than Guru and Chela.

4. *Vaghairah* for *Ityádi* or *Ádi.*—The former is no doubt a difficult and not much known word, yet it is used by Hindus when required as well as by Muhammadans, whereas the latter two are less known, and will never be used or understood by Muhammadans in Persian characters. I do not know any other word for it, and it cannot be dispensed with.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



5. *Nidán* for *Algharaz.*—The former is easier, and used by the earlier Muhammadan writers as well as the present Hindus.

6. *Ang* for *Uzv.*—The latter is most difficult to spell and pronounce, and is not commonly known. At the same time, the Maulvis may object to adopt the former: still they use the word Angarkhá, and they ought to know that Angarkhá is formed out of An and Rakkhá.

AGRA:
*The 1st September*, 1876. } SIVA PRASAD.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

# विद्याङ्कुर

## पहला हिस्सा

### पैदाइश

एक उस्ताद किसी मद्रसे में बैठा हुआ लड़कों को पढ़ा रहा था। वहां कोई आदमी गैंडा लिये आनिकला॥ उस जंगली



गैंडा

जानवर को देखकर लड़कों ने अपने जीमें बड़ा अचरज माना। और उस्ताद से पूछा कि यह क्या है हमने तो पहले ऐसा कभी नहीं देखा था॥

उस्ताद—उस पैदा करनेवाले की पैदाइश का कब अंत पा सकते हैं। दुन्या में अनेक अचरज भरे पड़े हैं॥ जब लिखना

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



पढ़ना सीखेागे श्रार खेाज में रहेागे। तुम भी इस का कुछ कुछ भेद जान सकेागे ॥

शागिर्द—जनाब हम चाहते हैं। कि श्राप के मुंह से इस पैदाइश का कुछ भेद सुनें ॥

उस्ताद—इस सारी पैदाइश का एक ही पैदा करनेवाला है। श्रार वही सब को पालता पेासता है ॥ जेा कुछ देखने सुनने श्रार सेाचने में श्राता है। सब इसी पैदाइश में गिना जाता है ॥ कहते हैं कि उसने अपनी पैदाइश में पहले चार तत्व यानी हवा श्रार श्राग श्रार पानी श्रार मिट्टी को पैदा किया। श्रार फिर जेा कुछ कि है सब इन्हीं से बनाया ॥ तत्व उस को कहते हैं जिस में किसी दूसरे का मेल न हेा पर इस का ठीक हाल तुम को कुछ श्रार ज़ियादा पढ़ने से मालूम हेागा क्योंकि यूरोपवाले इन को तत्व नहीं मानते इन में दूसरों का मेल बतलाते हैं। श्रार बेमेल तत्व साठ से ऊपर मानते हैं ॥

### पैदाइश की क़िस्में

जेा हेा पर इस पैदाइश में सेाचकर देखेा तेा तीन के सिवाय चैाथी कोई क़िस्म दिखलाई नहीं देती यानी पहले जरायुज श्रार अंडज* जीव जन्तु जेा जानदार हेाते हैं। श्रार श्राप हिल चल सकते हैं ॥ दूसरे उद्भिज बनस्पति या बेल बूटे घास पात फल फूल के पेड़ कि वह भी एक क़िस्म की जान रखते हैं। श्रार तीसरे श्राकरज जैसे मिट्टी पत्थर लेाहा तांबा हीरा पन्ना गंधक हरताल यह अक्सर खानों से निकला करते हैं ॥

* हिन्दू स्वेदज भी मानते हैं। श्रार कहते हैं कि वह खाली पसीना से पैदा हेाते हैं ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



## जीव जन्तु

ज़मीन पानी और हवा इन तीनों में जान्दार रहा करते हैं। और जान्दार की बड़ी क़िस्में दो कहते हैं॥ एक तो वह जिन के



घोंघा

बदन में हड्डी होती है जैसे आदमी घोड़ा हाथी सांप चिड़िया। और दूसरे वह जिनके बदन में हड्डी नहीं होती जैसे केंचुआ जोंक मक्खी शंख घोंघा॥ जीव जन्तु यानी इन दोनों क़िस्मों के जान्दारों के आमाशय * होता है। पर बनस्पति के नहीं होता यही इन दोनों में बहुत बड़ा तफ़ावत है॥

शागिर्द—क्या बनस्पति में भी जान होती है।

उस्ताद—अगर जान न होती तो बढ़ती क्योंकर जान बेशक रहती है॥

अब सुनो हड्डीवाले जान्दार चार क़िस्म के होते हैं। एक वह जो अपनी मा का दूध पीते हैं दूसरे पखेरू तीसरे कीड़े मकोड़े और चौथे मछली दूध पीनेवालों में आदमी और बनमानस को छोड़कर बाक़ी † सब चौपाये हैं॥ दूध पीनेवाले अक्सर ज़मीन ही पर रहा करते हैं लेकिन गिलहरी बन्दर वग़ैरः पेड़ों पर भी रहते हैं॥ इन दूध पीनेवाले जानवरों से हम लोगों के बड़े

* पेट में एक थैली सी होती है जो कुछ खाया जाता है। उसी में जाकर हज़म होता है॥

† ह्वेल मछली भी अपने बच्चे को दूध पिलाती है। लेकिन वह पैरवालों में नहीं गिनी जाती है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



काम निकलते हैं। उन पर सवार होते हैं बोझा लादते हैं॥ उनका

बनमानस

गोश्त खाया जाता है। और चमड़ा ओढ़ने बिछाने के सिवाय और भी बहुत कामों में आता है॥ ज़मीन के जानवरों में हाथी के बराबर ऊंचा और शेर के बराबर ज़ोरावर कोई नहीं होता है। पर अक्ल के लिये आदमी सब से बड़ा गिना जाता है॥ जानवरों को अक्ल नहीं होती इतना ही समझते हैं कि जिस में अपनी ज़रूरी हाजतियाजें मिटालेवें। और दुश्मन से डरकर बचे रहें॥ इसी को पशु बुद्धि कहते हैं उन की अक्ल और समझ आदमी की सी नहीं होती जिस से अपने या किसी दूसरे के लिये सोच समझ कर नयी नयी आराम की चीज़ें बनावें। या किसी चीज़ की खोज और जांच से कुछ फ़ायदा उठावें॥ देखो आदमी ने धूएं की नाव और धूएं की गाड़ी और तार और घड़ी और तोप कैसी कैसी काम की चीज़ें बनायी हैं॥ और फिर कैसी कैसी किताबें लिखी हैं और छापी हैं॥ कि जिन से हज़ारों बरस पहले का हाल जाना जाता है। और जो कुछ ज़मीन और आसमान में है सब का भेद खुल जाता है॥

आदमी अपनी अक्ल के ज़ोर से मेंह पानी जाड़े पाले का बचाव कर सकता है। इसी लिये उस के मालिक पैदा करनेवाले

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



ने जिसे हिन्दू भगवान और मुसलमान ख़ुदा कहते हैं उसके बदन पर ऊन या पर नहीं दिया है ॥

आदमियों का सुभाव है कि अकेले नहीं रहते बल्कि इकट्ठा रहने से बहुत ख़ुश रहते हैं। ये इकट्ठा होकर जब थोड़े से घर एक जगह बना लेते हैं॥ वह गांव कहलाता है। और जब बहुत से घर एक जगह हो जाते हैं वह शहर और नगर कहने में आता है॥ जिस शहर में बादशाह या बादशाह का क़ाइममुक़ाम रहता है। वह राजधानी यानी पायतख़्त कहलाता है॥ जैसे इंग्लिस्तान का पायतख़्त लंदन और हिन्दुस्तान का कलकत्ता जानो। इसी तरह अफ़ग़ानिस्तान का काबुल और नैपाल का काठमांडो॥

आदमियोंको इकट्ठा रहने से यह बड़ा फ़ायदा होता है। कि एक दूसरे की मदद करता रहता है॥ और जो जिस देस का होता है उस की जात उसी देस के नाम से पुकारी जाती है जैसे हबश के रहनेवाले हबशी। और बंगाले के रहनेवाले बंगाली॥

आदमी अक्सर दिन में काम काज करते हैं। रात को थक कर सो रहते हैं॥ और सोते हुए नींद में जो कुछ देखते हैं। उसे सुपना कहते हैं॥

जिस हाथ से खाते और सलाम करते हैं। उधर के हाथ पैर पसली आंख कान सब अंग दहने और दूसरी तरफ़ के बायं कहलाते हैं॥

जब तक शादी ब्याह नहीं होता मर्द क्वारा और औरत क्वारी कहलाती है। ब्याह होने पर मर्द ख़ाविंद या शौहर और औरत उस की बहू या बीबी कही जाती है॥ लड़का लड़की होने पर वही उन के बाप मा कहने में आते हैं। जिस लड़का

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



लड़की के मा बाप दोनों मर जाते हैं वह यतीम बोले जाते हैं ॥ जब आदमी के बदन से जान निकल जाती है वह मुर्दा हो जाता है। फिर वह न कुछ देख सुन सकता है और न हिलता जुलता और चलता फिरता है ॥ मिट्टी की तरह पड़ा रहता है। और मिट्टी ही में मिल जाता है ॥

आदमी की पूरी उम्र एक सौ बरस की कही जाती है पर बीच का कुछ ठिकाना नहीं कोई नहीं कह सकता है। कि किस दिन मर जावे मरना सब के पीछे लगा पड़ा है॥ नित आंखों से देखा जाता है। जैसे हमारे बाप दादा परदादा इस दुन्या से उठ गये वैसे ही एक दिन हम को भी सब छोड़ छाड़ कर उठ जाना है ॥ अपने पुण्य पाप यानी नेकी बदी के सिवाय न वे कुछ साथ ले गये। न हम ले जायेंगे ॥ हम सब को ऐसा ही काम करना चाहिये जिस से मरने पर लाली बनी रहे॥ अपने पैदा करनेवाले के साम्हने नीची गर्दन न करनी पड़े ॥ काम उसी का बना। जिस का परलोक सुधरा ॥

---

## आदमियों की क़िस्में

आदमी सब एक ही क़िस्म के नहीं होते बड़ी इन की तीन क़िस्में हैं। पहले जंगली दूसरे चरवाहे तीसरे तमीज़दार इन में जंगली आदमियों को अपने रहने सहने का कुछ सोच नहीं रहता न वो खेती बारी करते हैं न अपने खाने पहनने का कुछ सामान इकट्ठा कर रखते हैं॥ जब भूख लगी जंगल में जाकर जानवर उड़ने तैरने चलनेवाले जो मिले मार लाये। उन के मांस से पेट भर लिया और उन के पर और चमड़े ओढ़ने बिछाने के काम में आये ॥ ऐसे आदमी मिलकर एक जगह नहीं ठहरे

For Private and Personal Use Only

सकते । और गांव और शहर नहीं बसा सकते। वे अपने रहने के लिये घर भी नहीं बनाते हैं। जंगल पहाड़ और समुद्र के उजाड़ टापुओं में जानवरों के चमड़े और दरख़्तों की छाल और घास फूस से छा छू कर कुछ झोंपड़े से बना लेते हैं या पहाड़ों की खोह और मांदों में अपने दिन काटते हैं॥ उन में हाकिम या सर्दार कोई नहीं होता। जो जिस का जी चाहा उस ने वह किया॥

चरवाहे एक तरह के ग्वाले गडरिये घोसी होते हैं। मवेशी पालते हैं॥ वही उन का धन दौलत है एक जगह ठहर कर नहीं बसते जहां अपने मवेशियों को चराई का सुभीता देखा। वहीं तंबू तानकर या छप्पर छा कर डेरा जा किया॥ जब चराई हो चुकी दूसरी जगह चल दिये। और इसी तरह कुछ दिन वहां जा ठहरे॥ जो हो जंगलियों से इन में किसी क़दर तमीज़ और समझ होती है। और कुछ आदमियत भी पायी जाती है॥ क्योंकि जानवरों के शिकार से गाय भैंस भेड़ी बकरी घोड़ा ऊंट पालने में ज़ियादा समझ बूझ और सोच बिचार दर्कार होता है इस क़िस्म के चरवाहे तातार और अरब में बहुत हैं। वहां अक्सर इसी क़िसम के आदमी देखने में आते हैं॥

तमीज़दार यानी सीखे सिखाये लिखाये पढ़ाये सिर्फ़ मवेशी ही नहीं पालते बल्कि खेती बारी भी करते हैं। और नये २ इल्म सीखकर तरह २ की चीज़ें अपने आराम और फ़ाइदे के लिये बनाते हैं॥ इन लोगों के इकट्ठा रहने से गांव क़सबे और शहर बस जाते हैं। और धन दौलत लियाक़त हुकूमत और काम पेशे से उन के दर्जे भी ठहर जाते हैं॥ कोई महाजन सेठ सौदागर साहूकार कोई बनिया बढ़ई लुहार दूकानदार कोई

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



कोतवाल क़ानूनगो तह्सील्दार ज़मीदार और कोई धोबी तेली चमार ख़िद्मतगार कहलाते हैं। तमीज़दार लोग आईन क़ानून के मुताबिक़ चलते हैं और वे आईन क़ानून सब की सलाह और दस्तूर के मुवाफ़िक़ बनते हैं॥ जिस में सब को फ़ाइदा और आराम पहुंचे। और सारे कामों का इन्तिज़ाम बना रहे॥ ऐसों के साथ वही निभ सकते हैं जो आईन क़ानून को मानें। अगर आईन क़ानून के ख़िलाफ़ कुछ करें ज़रूर सज़ा पावें॥

अनाज

बसती से बाहर ये लोग खेत बोते हैं। उसी में खाने की सब चीज़ें अनाज और तरकारियां होती हैं कोई ज़मीन ऐसी होती है कि चाहे जितनी मिह्नत करो उस में कुछ भी पैदा नहीं होता उसको ऊसर कहते हैं॥

बीज बोने से पहले खेत को हल चला कर दुरुस्त कर-लेते हैं। इस देस में हल बैलों से चलता है अंगरेज़ों के देस इंगलिस्तान में घोड़े और घुएं के ज़ोर से भी और अरब में ऊंटों से चलाते हैं॥

खेती बारी वाले हट्टे कट्टे भले चंगे बने रहते हैं बीमार कम होते हैं। सबब यह कि उन को सदा बाहरी तरफ़ की साफ़ और ताज़ी हवा सांस लेने को मिला करती है शहरियों की तरह गंदगी से घिरे हुए बंद नहीं रहते हैं॥

जब खेत बो जाते हैं। सूरज की गर्मी और ज़मीन की तरी से बीजों में अंखुए निकल आते हैं॥ फिर उनके पेड़ जम कर बढ़ने लगते हैं। जब उन में बाली भुट्टे निकल कर अनाज पक जाता है खलियान में लेजाते हैं॥ और वहां बैलों से रुंदवा कर और हवा में उड़ा कर भूसे से अनाज को जुदा कर लेते हैं।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



और तब खत्तों में और कोठियों में भर देते हैं॥ जिस को जिस अनाज का आटा दर्कार होता है। चक्कियों में पिसवा लेता है॥ जिस तरह इस देश में कहीं २ पानी के ज़ोर से पनचक्कियां चलती हैं। अंगरेज़ों के देस में हवा और धूएं के ज़ोर से भी चला करती हैं॥

इस देश में अक्सर जो गेहूं ज्वार बाजरा धान कोदों सावां कंगनी मकई कुलथी सरसों राई अलसी तिल उर्द मूंग मोंठ अरहर चना मटर मसूर कपास ऊख कुसुम वग़ैरः की खेतियां हुआ करती हैं। और तरकारी भी आलू गोभी अदरख अरवी बंडा रतालू ज़मींक़ंद पयाज़ लहसन मूली गाजर शकरकंद बैगन तुरई ककड़ी खीरा भिंडी कटू कुम्हड़ा सेम वग़ैरः पैदा होती हैं॥

## चौपाये

चौपाये वो कहलाते हैं। जो चार पांव से चलते हैं॥ इन

शेर

में कोई सुमदार होता है यानी उसका पैर नीचे से फटा नहीं होता जैसे घोड़ा। और कोई खुरवाला यानी जिस का पैर फटा हुआ होता है जैसे गाय भैंस और कोई पंजेदार जैसे शेर बिल्ली रीछ कुत्ता॥

देखो भेड़ी की ऊन कतर कर और फिर सूत कात कर उस के कैसे कैसे कम्बल ग़ालीचे और तरह तरह के ऊनी कपड़े बनाते हैं। हिमालय पार तिब्बत और तातार की बकरियों

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



के रोएं को पश्म कहते हैं और उस के सूत से जो शाल दुशाले रूमाल वग़ैरः बुने जाते हैं पश्मीना कहलाते हैं॥ भेड़ी की ऊन से यह बकरी के रोएं बहुत नर्म और गर्म होते हैं और दामों में भी बहुत महंगे मिलते हैं। कश्मीर में पांच पांच हज़ार तक के एक एक दुशाले तय्यार होते हैं॥ इन जान्वरों के चमड़ों से संदूक़ पिटारे मढ़े जाते हैं बटुए परतले जूते दस्ताने बनाते हैं॥ किताब की जिल्द बंधती हैं। बहुत क़िस्म की चीज़ें तय्यार होती हैं॥ अक्सर जान्वरों के सींग और हाथी के दांत की कंघी डिबिया क़लमदान चाक़ू के दस्ते तल्वार के क़ब्ज़े बढ़िया बढ़िया चीज़ें बनती हैं हिमालय के बर्फ़ी पहाड़ों में सुरागाय की दुम का चमर होता है। और अक्सर जान्वरों की चर्बी से बत्ती बनाने का गाड़ी जंगने का और भी बहुत तरह का काम निकलता है॥

## पखेरू

जिन के पंख यानी पर होते हैं। वह पखेरू कहलाते हैं॥ जिस तरह चरने वाले को चरंद कहते हैं। उस तरह उड़ने वाले को परंद भी कहते हैं॥ निदान पखेरू ज़मीन पर और पानी में रहते हैं। उस सिरजनहार करतार ने इन का बदन ऐसा हलका बनाया है कि हवा पर भी ठहर सकते हैं॥ उन के पंख जो पीछे को मुड़े रहते हैं। उस से उन को यह फ़ाइदा है कि उड़ने में हवा से नहीं रुकते हैं॥ दोनों डैनों से उन को हवा पर ठहरने का सहारा मिलता है। और दुम के ज़ोर से चाहें जिधर मुड़ जाने का जैसे पतवार से मांझी नाव को मोड़ लेता है॥ पखेरुओं के दांत नहीं होते चोंच से तोड़कर दाना खाते हैं। और जो समूचे दाने निगलते हैं वो उनके पेट में पहले एक थैली में नर्म हो लेते हैं तब मिऊदे में जाते हैं।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



जो पानी मे नहीं रहते वह अक्सर पेड़ों पर रहा करते हैं। ज़मीन पर रहने वाले बहुत कम हैं॥ पानी में रहने से यह मत्लब नहीं है कि रात दिन वह मछली की तरह पानी ही में रहा करते हैं। बतक और सब क़िस्म की मुर्ग़ाबियां पानी के पखेरू हैं चील कव्वे वग़ैरः ये ज़मीन के पखेरू पानी पर नहीं तैर सकते हैं॥ उन के बनाने वाले ने उन के पंजे खुले रक्खे हैं जिस में पेड़ों की टहनियों पर अच्छी तरह जम सकें। और पानी के पखेरुओं के पंजे एक चमड़े से जुड़े रक्खे हैं जिस में वो तैरने के वक़्त जैसे नाव का काम डांड से निकलता है उस से सहारा पावें॥ पखेरुओं की दुम के पास एक थैली सी होती है। और उस में कुछ तेल की तरह चिकनी चीज़ भरी रहती है॥ पखेरू उस को अपने परों पर लगा लिया करते हैं। कि जिस से उन के पर मेह पानी से भीग कर ख़राब नहीं होते हैं॥ हर साल इन के पुराने पर गिर कर नये निकल आते हैं। और इसी को कुरीज़ कहते हैं॥

जिन पखेरुओं की ख़ुराक कीड़े मकोड़े अनाज दाने फल फूल हैं। वो अक्सर मिलजुल कर रहा करते हैं और आदमी से जल्द हिल जाते हैं॥ जो पखेरू शिकार मारकर खाते हैं। वो पहाड़ों की चोटियों पर या भारी जंगलों में घोंसले बनाकर अपने जोड़े के साथ रहा करते हैं दूसरों को अपने पास नहीं फटकने देते हैं॥ इन शिकारी पखेरुओं में बाज़ और जुर्रे की ताक़त और जुरअत मशहूर है। दाम भी उनका बहुत ज़ियादा है॥ जिसके पास रहते हैं। उसके लिये आसमान से उड़ती चिड़ियां पकड़ लाते हैं॥ बादशाहों के हाथ पर बैठते हैं। आंखें उन की बंद रखते हैं जब शिकार पर छोड़ना मंजूर होता है खोल देते हैं वो बिजली की तरह उड़कर उसे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



पर दबाते हैं ॥ बाज़ मादा और जुर्रा उस का नर है। गो डील डौल में उस से यह कुछ छोटा होता है॥

जब तक मादा घोंसले में अपने अंडे सेती है नर उसे चारा चुगा पहुंचाया करता है। जो मादा ज़रा भी अंडे पर से हटे अंडा सर्दी पाकर निकम्मा हो जाता है॥ किसी किसी के अंडे तो थोड़े ही दिन सेने पर पक कर फूट जाते हैं। और किसी किसी के बहुत दिन तक सेने पड़ते हैं ॥ मुर्गी अपने अंडों पर इक्कीस दिन बैठती है । अक्सर पखेरू दो दो और उस से ज़ियादा ज़ियादा अंडे देते हैं पखेरुओं की उमर भी बड़ी होती है। बाज़ गरुड़ और तोते सौ सौ बरस तक जी सकते हैं। सोचकर देखो तो आदमी को इन पखेरुओं से भी बडे फ़ाइदे पहुंचते हैं क्योंकि चील कव्वे गिद्ध बस्तियोंके आस पास की सड़ी गली मुर्दार ग़लीज़ चीज़ें उठा ले जाते हैं ॥ कभी वह सब



गरुड

वहीं पड़ी रहतीं। गंदगी से ज़रूर हवा बिगड़ कर बीमारियां फैलतीं॥ सिवाय इस के इन पखेरुओं के सबब खेती बारी का नुक़सान करने वाले और आदमियों को दुख देने वाले कीड़े मकोड़े मच्छर फतंगे चूहे मेंडक सांप कनखजूरे गोह बिसखपरे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



बढ़ने नहीं पाते। जो पखेरू न होते आदमी कहां तक उन का उपाय कर सकते ॥

पखेरुओं की बीट से पेड़ों के बीज ऐसी ऐसी जगह जा पहुंचते हैं कि दूसरी तरह से वहां उन का पहुंचना बहुत मुश्किल होता देखो समुद्र में जब पत्थरों की चट्टान निकल आती हैं। उन पर इन्हीं चिड़ियों की बीटों से मिट्टी जमा होकर और फिर उन में उन बीटों के बीजों से पेड़ जमकर वह निरी उजाड़ चट्टानें आदमियों के बसने लाइक़ अच्छे सुन्दर टापू बन जाती हैं॥ गो पखेरुओं से कभी कभी आदमियों का नुक़सान भी होता है। पर उन फ़ाइदों के सामने कुछ बिसात नहीं रखता है॥

अरब और आफ़्रिका में एक पखेरू पंजे से सिर तक आठ

शुतुर्मुर्ग

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



फ़ुट ऊंचा होता है और डेढ़ सेर का अंडा देता है नाम उस का शुतुर्मुर्ग़ बतलाते हैं। क्योंकि उसकी गर्दन ऊंट की सी लंबी और फ़ारसी में शुतुर ऊंट को कहते हैं॥ इस से ज़ियादा ऊंचा कोई पखेरू नहीं होता है वह घोड़ों के बराबर ज़मीन पर दौड़ता है। और उसका पर बड़े बड़े दर्जे के अंगरेज़ों की टोपी में लगता है॥

## कीड़े

हड्डी वालों की तीसरी क़िस्म में कीड़े हैं। वो सांप कनखजूरा कछुआ मेंडक मगर घड़ियाल छिपकिली गिरगट गोह बिसखपरा बहुतेरे हैं॥ दूध पीने वाले और पखेरूओं से इन कीड़ों में यह बड़ा फ़र्क़ है कि उन दोनों क़िस्मों का लोहू लाल और गर्म होता है। और इन का फीका और ठंढा रहता है। ये भी उनकी तरह सांस लेते हैं। पर इन्हें सांस लेने को हवा न मिले तो बे सांस लिये भी बहुत दिन तक जी सकते हैं॥ और सर्दी भी इतनी सह सकते हैं। कि उतनी वे दोनों क़िस्म के नहीं सह सकते देखो बर्फ़ के अंदर से मुद्दतों पीछे जीते हुए मेंडक निकलते हैं॥ कितने ही कीड़े धरती पर कितने ही पानी में और कितने ही दोनों जगह रहते हैं। कितने ही बोलते कितने ही नहीं बोलते हैं॥ कितनों ही के चार पांव रहते हैं। और कितनों ही के उस से ज़ियादा ज़ियादा होते हैं॥ कनखजूरे का नाम अंगरेज़ी में सौ पैर वाला है। सांप का नाम संस्कृत में उरग यानी पेट से चलनेवाला है॥ उसके पैर नहीं होता है। वह पेट ही के बल बहुत जल्द दौड़ता है॥

सांप बहुत क़िस्म के देखने में आते हैं। और उन में किसी किसी क़िस्म के बड़े ज़हरीले होते हैं॥ उन के मुंह में ऊपर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



की तरफ़ लंबे लंबे और तीखे तीखे दो दांत होते हैं। और वो तालू से चिपटे रहते हैं॥ उन दांतों की जड़ में दो थैलियां सी होती हैं और उन्हीं में तेल सा पीला पीला चमकता हुआ ज़हर भरा रहता है। जब सांप किसी को काटता है तो वह दांत खड़े हो जाते हैं और उन्हीं की राह ज़हर घाव में पहुंचता है॥ जो सच मुच सांप का ज़हर आदमी के लोहू से मिल जावे तो फिर कोई भी इलाज कुछ काम नहीं करता है। आदमी मर ही जाता है॥ जहां सांप काटे तुर्त उस के ऊपर रस्सी पट्टी रूमाल दुपट्टा जो कुछ मिल जावे उस से ऐसा कस कर बांध देवे। कि ज़हर मिला लोहू चढ़ कर बदन में फैलने न पावे॥ या जहां सांप ने काटा हो उस को किसी तेज़ छुरी से बिल्कुल काट डाले तो अलबत्ता कुछ फ़ाइदा हो सकता है। बिना छेड़े सांप बहुत कम काटता है॥

कीड़े भी पखेरुओं की तरह अंडे देते हैं। लेकिन उन पर बैठकर सेते नहीं वो धूप की गर्मी से पकते हैं॥ और इसी लिये ऐसी जगह अंडे देते हैं जहां धूप लगे। और जब अंडे फूटकर बच्चे निकलें तो उन्हें खाने को मिल सके॥

अक्सर कछुए सौ के लग भग अंडे देते हैं। और उन को पानी के किनारे बालू से ढांकते हैं॥ जब वो सूरज की गर्मी से पक कर फूटते हैं। बच्चे कूद कूद कर आप से आप पानी में चले जाते हैं॥ मा बाप को उन की कुछ संभाल नहीं करनी पड़ती वही सब का मालिक और पैदा करने वाला उन की संभाल करता है। और सोचकर देखो तो हम तुम सब को निरा उसी का भरोसा है॥ कीड़े बे खाये भी बहुत दिन जी सकते हैं। कछुए अक्सर सवा सौ बरस से भी ज़ियादा जीते रहते हैं॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



हिन्दुस्तान और मिस्र वग़ैरः गर्म देसों की नदियों में तीस तीस फ़ुट तक लंबे मगर और घड़ियाल होते हैं। और ऐसे जोरावर कि आदमी तो क्या गाय भैंस को भी खींच ले जाते हैं॥ ये भी सौ के लग भग अंडे देते हैं। पर अक्सर सांप खा जाते हैं इस से बहुत बढ़ने नहीं पाते हैं॥

मछली

हड्डी वालों की चौथी क़िस्म में मछली है। वो पानी में रहती है॥ इन में और ऊपर लिखी हुई तीनों क़िस्मों में यह फ़र्क़ है कि वो तो फेफड़े से नाक और मुंह की राह सांस लेते हैं और इन के फेफड़ा नहीं होता है। गले में दो छेद रहते हैं जिन्हें गलफड़ा कहते हैं और उन्हीं छेदों से सांस लेने का काम निकलता है॥ कोई कोई मछली बहुत सुन्दर बल्कि सुनहले रुपहले रंग की होती हैं। और आंखें भी इन की निराले तौर की रहती हैं॥ जो हमारी तुम्हारी सी होतीं तो उन को पानी में कुछ न दिखलाई देता। ये बोलती नहीं और न इन के बनाने वाले ने इन को कान दिया॥ तौ भी पानी के लगाव से ये आवाज़ मालूम करलेती हैं। क्योंकि सिखलाने से घंटी बजाते ही पानी पर इकट्ठा हो जाती हैं॥ मछली भी अंडे से निकलती है। और एक एक मछली लाखों अंडे देती है॥ धूप की गर्मी से पकते हैं। थोड़े बहुत पर सब मछलियों के रहते हैं॥ चिड़िया जिस ढब अपने परों से हवा पर उड़ती है। मछली उसी ढब अपने परों से पानी पर तैरने में सहारा पाती है॥ और जैसे चिड़िया अपनी दुम से हवा पर मुड़ती है। वैसेही मछली पानी पर अपनी दुम से नाव की पतवार का काम लेती है॥

अमरिका में ईल मछली पांच फ़ुट के लग भग लंबी होती है। जो किसी आदमी या जानवर के बदन से वह छू जावे तो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



उस की हालत बिजली पड़ने की सी हो जाती है॥ रिमोरा मछली के पर बहुत छोटे होते हैं इस लिये जल्द नहीं चल



मछली ईल

सकती है। पर उस के पैदा करने वाले ने उस के सिर में ऐसी ताक़त दी है कि वह समुद्र में अपने सिर के बल किसी बड़ी मछली या जहाज़ की पेंदी से चिपट कर उस के साथ आराम से दौड़ी चली जाती और अपना पेट भरती है॥ ह्वेल मछली दुनया के सब



मछली रिमोरा

जानवरों से बड़ी होती है। समुद्र में रहने के सबब मछली कहलाती है॥ नहीं तो वह अंडा नहीं देती बच्चा जनती और उस को दूध पिलाती है। और बहुत करके उत्तर और दक्खन के बर्फ़ी समुद्रों में रहा करती है॥ लंबान उस का सौ फुट यानी तेंतीस गज़ के ऊपर और मुटान यानी घेरा इस से कुछ ही कम होता है। और बोझ उस में अटकल से चार हज़ार मन रहता है॥ मुंह उस का बीस फुट कि जिस में जहाज़ का बोट आदमियों समेत बे खटके समा जावे। और दुम उसकी चौबीस फुट कि जिस की टक्कर से ऐसा वैसा जहाज़ भी टुकड़े टुकड़े हो जावे॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



उस का फेफड़ा आदमी का सा होता है। इस लिये उस को पानी से बाहर सिर निकाल कर सांस लेना पड़ता है॥ ह्वेल मछली में चर्बी बहुत होती है उसी चर्बी के लिये जहाज़ों



ह्वेल

पर उस के शिकार को जाते हैं। और जब मार कर लाते हैं उस की चर्बी को बहुत करके बत्ती बनाते हैं॥ जहाज़ का लंगर डाल कर बोटों पर ह्वेल का पीछा करते हैं। और जब जब वह सांस लेने को सिर निकालती है रस्सों से बंधे हुए भाले और बर्छे उस को मारते जाते हैं॥ यहां तक कि वह बेदम हो कर उलट जाती है और तब उन्हीं रस्सों से उसे खींच कर जहाज़ पर ले आते हैं और फिर काट काट कर चर्बी निकाल लेते हैं॥

## बे हड्डी के जान्वर

बे हड्डी के जान्वर शंख घोंघे जोंक केंचुए मक्खी चींटे मच्छर भनगे भिड़ भौंरे खटमल फतंगे वग़ैरः बहुत तरह के होते हैं। उस मालिक पैदा करनेवाले की चतुराई तो सभी जगह दिखलाई देती है पर इन छोटे छोटे जान्वरों में बड़े बड़े अचरज और अचंभे नज़र आते हैं॥ हवा पानी मिट्टी में अनगिनत जान्वर भरे पड़े हैं। और बहुतेरे इतने छोटे कि बे खर्दबीन शीशा लगाये जिस से छोटी चीज़ बडी दिखलायी देती है ख़ाली आंखों

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



से कभी दिखलायी नहीं दे सकते हैं॥ इन के न फेफड़ा होता है न गलफड़ा बदन में छोटे छोटे छेद रहते हैं। उन्हीं से सांस लेते हैं॥ दूसरी किस्मों में किसी के दो से ज़ियादा आंखें नहीं पर इन बे हड्डी वालों में किसी किसी के इतनी होती हैं कि जिन का गिनना मुश्किल फ़ाइदा यह कि वो बिना सिर फेरे चारों तरफ़ देख कर अपने दुश्मन से ख़बर्दार हो जाते हैं। देखो मक्खी के दोही आंखें दिखलायी देती हैं लेकिन ख़ुर्दबीन शीशे से एक एक आंख के अंदर जाली की तरह चार चार हज़ार से ऊपर आंखों के निशान गिने जा सकते हैं॥ निदान इस हिसाब से मक्खी के आठ हज़ार और मकड़ी के आठ आंखें होती हैं। उन में से दो सिर पर दो उन के पीछे दो आंखों की मामूली जगह और दो उन से ज़रा ऊपर रहती हैं॥ इन की जीभ बहुत छोटी पर डील उस का हाथी की सूंड़ सा मच्छर कुटकी उस से आदमी के बदन में छेद करके उस का लोहू चूसती हैं। और शहद की मक्खियां फूलों का रस पीती हैं॥ उन के छोटे छोटे पर ख़ुर्दबीन शीशे से अजब तमाशे दिखलाते हैं। एक एक इंच लंबी और उतनी ही चौड़ी जगह में लाख लाख दीवलियां ऐसे तित्लियों के बहुत पर देखने में आते हैं॥ और फिर इतने छोटे परों से इतना जल्द उड़ते हैं। कि यही मक्खी जितना एक घंटे में उड़ती है उस के तीस मील होते हैं॥ पांव भी इन के बहुत होते हैं छ से कम तो किसी के नहीं रहते हैं॥

शहद के छत्ते में जो मक्खियां बनाती हैं। उस सब के बनाने वाले की कुछ जुदा ही हिकमतें दिखायी देती हैं॥ उस में तीन तरह की मक्खियां होती हैं। एक तो सब से बड़ी रानी मक्खी दूसरी दो हजार नर मक्खियां जिन को काम कुछ

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



भहीं तीसरी वो बीस हज़ार मक्खियां जो नर न मादा पर सारा काम छत्ता बनाना शहद इकट्ठा करना रानी को बचाना बच्चों को पालना वही करती हैं॥ रानी एक से ज़ियादा नहीं होती। और जो हुई भी तो तुर्त मार कर बाहर निकाली गयी॥ जब भादों कुवार में अंडे देने का दिन हो चुकता है वो बीस हज़ार मिहनती मक्खियां दो हज़ार नरों को मार डालती हैं॥ और इन निकम्मी मक्खियों को नाहक़ न खिला कर सारा शहद जाड़ों में अपने ही खाने को रखती हैं॥

शहद की मक्खियां जहां छत्ता बनाना चाहती हैं। पहले वहां के सब छेद और दरारों को भर देती हैं और फूलों का पराग यानी उन की पंखड़ी पर जो गर्द सी जमी रहती है खाने से उन के पेट में मोम बन जाता है उसी से वो छ छ कोने वाले घरों का छत्ता बनाती हैं॥ बहुत से घर तो शहद से भरे होते हैं। और बहुतों में अंडे रहते हैं॥ वही एक रानी चालीस हज़ार के लगभग अंडे देती है। वो अंडे थोड़े ही दिनों में घुन से होकर फिर एक अठवाड़े में उन पर खोल चढ़ जाती है॥ जब तक घुन की शकल में रहते हैं मिहनती मक्खियां उन को चुगा पहुंचाती हैं। और जब उन पर खोल चढ़ जाती है उन के घरों को मोम से बंद कर देती हैं॥ वोही पंदरह दिन में मक्खी बन कर और उस मोम को जिस से बंद रहते हैं हटाकर बाहर निकल आते हैं। और उस छत्ते की मक्खियों के साथ मिल कर उन्हीं के से काम करने लगते हैं॥ जब छत्ते में मक्खियां बहुत बढ़ जाती हैं। आपस में लड़ती हैं॥ कुछ निकल कर दूसरी जगह चली जाती हैं। और जुदा छत्ता बना लेती हैं॥ पर उन के साथ एक रानी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



मक्खी ज़रूर होती है। जहां वह जाकर बैठती है उसी जगह नये छत्ते की नीव पड़ती है॥

शिमला की तरफ़ पहाड़ी लोग अपने घर की दीवारों में इस ढब खिड़कियां लगा देते हैं। कि जिन के किवाड़ भीतर की तरफ खुलें और बाहर की तरफ उन में एक छेद रखते हैं॥ जब मक्खियों को छत्ता बनाने की फ़िक्र में उड़ता देखते हैं। सिर पर फूलों की टोकरी में रानी मक्खी को बिठला कर एक खिड़की में ला छोड़ते हैं॥ सारी मक्खियां अपनी रानी की आवाज़ सुनकर उस छेद की राह भीतर घुस आती हैं। और उसी खिड़की में अपना छत्ता बनाती हैं॥

पहाड़ियों को जब शहद दर्कार होता है भीतर से किवाड़ खोलकर ज़रा सा धुवां कर देते हैं। मक्खियां सब उस छेद की राह बाहर निकल जाती हैं ये मन मानता शहद अपने कटोरों में भर लेते हैं॥ जिस दम धुवां हटा कर किवाड़ बंद कर देते हैं मक्खियां उस छेद की राह फिर खिड़की में आने लगती हैं। और अपने छत्ते को शहद से भरती हैं॥

अंडे से पर निकलने तक किसी किसी जानवर को पांच पांच बरस लग जाते हैं। कभी किसी पत्ते के पीछे जो नर्म नर्म नन्हे नन्हे अंडे दिखलाई देते हैं देखते रहो तो देखोगे कि वही कुछ दिन में एक मुंह बारह आंख सोलह पांव वाले लंबे लंबे कीड़े होकर रेंगने लगते हैं॥ और फिर कुछ दिनों में उन पर खोल चढ़कर महीनों तक एक ही जगह मुर्दार से पड़े रहते हैं। और तब वह उन खोलों में से दो आंख और छ पांव वाली निहायत सुंदर सुडौल परों के साथ तितलियां बनकर निकलते हैं॥ अमरिका में दो दो फुट

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



तक चोड़ी तितलियां होती हैं। कैसी हिकमत है उस मालिक पैदा करने वाले की कि उन कुडौल बिढंगे अंडों से सुडौल सुंदर तितलियां बन जाती हैं ॥

देखो रेशम कैसी बढ़िया चीज़ है और उस से कैसे कैसे उमदा कपड़े बनते हैं। लेकिन वह उसी तरह के कीड़ों का घर है जैसे मकड़ी जाला तनती है ये अपने रहने के लिये रेशम के कोये बना लेते हैं॥ इन्हीं कोयों को पानी में उबालने से जब तार तार सब अलग हो जाते हैं चर्ख़ों पर सूत की तरह कात लेते हैं। और फिर बुनकर मख़मल अतलस चेवली दर्यायी पितम्बर मुटका कोरा गुलबदन मशरूअ कमख़ाब तरह तरह के रेशमी कपड़े बनाते हैं॥

निदान यह चार क़िसमें जान्दारों की बड़ी बड़ी बतला दी हैं। नहीं तो इन की सारी क़िस्में कौन गिन सकता है जिस पर भी सवा लाख के ऊपर गिनती में आ गयी हैं॥ जैसी जैसी खोज और तलाश होती जाती है। दिन दिन नयी नयी बात इन की जानने में आती है॥

## पांच इन्द्रिय

जान्दार आंख से देखते हैं। कान से सुनते हैं॥ नाक से सूंघते हैं। जीभ से चखते हैं॥ और चमड़े से छूते हैं। इन्ही पांचों को पांच इन्द्रिय कहते हैं॥ इन्हो के वसीले से सब जाना जाता है। जो यह न हों तो इन का काम दूसरे से नहीं निकलता है॥

आंख बहुत नाज़ुक होती है। इसी लिये उस मालिक पैदा करने वाले ने बचाव के लिये जिस में गर्द गुबार कीड़ा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



मकोड़ा न घुस जाय झालरदार पर्दे की तरह उस पर बरौनी समेत पलक लगा दी है ॥

जिन्हें दिखलायी नहीं देता वे अंधे कहलाते हैं। और टटोल टटोल कर या दूसरों से पूछ पूछ कर अपना काम चलाते हैं। आंख की पुतली के बीच में जो एक चमकता हुआ तारा सा दिखलायी देता है। उसी पर जिस तरह शीशे पर जब किसी चीज़ की परछाईं पड़ती है वह परछाईं एक नस के ज़ोर से सिर के भेजे तक पहुंचकर देखनेवाले का मन उस चीज़ का रंग रूप जान लेता है ॥ लड़कों को ज़रूर शक होगा कि आंखों पर परछाईं पड़ने से मन क्योंकर कुछ जान सकेगा। लेकिन इस देखने का यानी उजाला अंधेरा परछाईं और रंग सब का भेद जब वह मिहनत करके ज़ियादा पढ़ेंगे तभी अच्छी तरह उन की समझ में आवेगा ॥

आवाज़ हवा के वसीले से यानी किसी चीज़ के धक्के से पैदा हुई हवा की लहर जब कान में उस झिल्ली से (जिस तरह पानी की लहर किनारे से) जिस से ढोल की तरह कान भीतर से मढ़ा रहता है। टकराती है सुनने वाले का मन उस आवाज़ को समझ लेता है ॥ जिस तरह के ज़ोर और पेच से वह हवा की लहर उस झिल्ली तक पहुंचती है। वैसी ही वह मोटी या कड़वी नर्म या कड़ी मालूम होती है ॥ इस झिल्ली को कान का पर्दा कहते हैं। जिन का बिगड़ जाता है वह कुछ नहीं सुनते और बहरे कहलाते हैं ॥ बहुत तोपों की निहायत ज़ोर की आवाज़ से अकसर किवाड़ के शीशे टूट जाते हैं। कान के पर्दे फट जाते हैं ॥ कल से किसी बन्द बरतन की हवा निकालकर अगर उस में घंटी बजायी जावेगी। इस की आवाज़ कुछ भी सुनने में न आवेगी ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



खुशबू या बदबू के परमाणु जब हवा के वसीले से नाक में पहुंचते हैं। उसकी नाज़ुक नसें उन का असर सिर के भेजे तक पहुंचाकर सूंघनेवाले के मन को उस से ख़बरदार करदेती हैं और वे नाकवाले नकटे कहलाते हैं॥

मीठा तीखा खट्टा खारा कड़वा कसैला इन छओं में से जिन को संस्कृत में षट्रस कहते हैं जिस मज़े के परमाणु जीभ पर जा पहुंचते हैं। उस की नाज़ुक नसें उन का असर सिर के भेजे तक पहुंचाकर चखनेवाले के मन को उस का हाल बतला देती हैं आदमी इसी जीभ के वसीले से बोलता है जिनके जीभ नहीं या बेडौल है और बोल नहीं सकते वे गूंगे कहलाते हैं॥

चमड़े से छूकर जो बात मालूम करनी है मालूम करते हैं; चमड़ा छूते ही उस की नाज़ुक नसें वह चीज़ कड़ी है या नर्म ठंढी है या गर्म तुर्त सिर के भेजे में उस छूनेवाले के मन को चिता देती हैं लेकिन हाथ और उन में भी उंगलियों के सिरे और सब जगह के चमड़े से बिहतर काम देते हैं॥

इन्हीं पांचों इन्द्रियों के वसीले से जो कुछ जाना और समझा बूझा जाता है। उसी को याद रखने से मालूमात बढ़ता है और तजरबा हासिल होता है॥ उसी का जोड़ तोड़ लगाने और कतर ब्योंत करने से आदमी अपना बचाव कर सकता है। और अपने सारे काम निकाल सकता है॥ ज्ञान यानी इल्म यानी जानने की यही जड़ हैं। जो यह न हों तो फिर हम तुम सब मिट्टी के लोंदे हैं॥ शुक्र है उस मालिक पैदा करनेवाले का कि कैसी कैसी चीज़ें हम लोगों को दी हैं। और कैसी कैसी राहें हम लोगों के सुख चैन की निकाली है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



यह मत समझो कि सब जानदारों के पांच ही पांच इन्द्रिय हैं। ज़ियादा तो किसी के नहीं लेकिन कम बहुतों के हैं॥ जोंक और केंचुए के दो ही दो हैं। यानी चमड़ा और मुंह लेकिन किसी किसी जानवर के कोई कोई इन्द्रिय बहुत तेज़ और ज़ोरावर होती हैं॥

जैसे बिल्ली को सुनायी बहुत देता है चूहे के पैर की आहट पाते ही उसे जा धर दबाती है। कुत्ते की नाक तेज़ होती है दूर ही से उस को अपने शिकार की बू



बिल्ली



पहुंच जाती है॥ गिद्ध बहुत दूर तक देख सकता है। आसमान पर उड़ता हुआ ज़मीन के मुर्दे देख लेता है॥ गाय बैल और घोड़े की जीभ में बड़ी ताक़त है। चख चख कर वही घास खाते हैं जो उन के खाने के लाइक़ है॥ गो जानवरों को आदमी की सी बुद्धि नहीं दी है। तो भी कोई कोई जानवर ऐसे ऐसे काम करते हैं कि जिन से आदमी की अक़्ल भी अचंभे में आ जाती है॥ देखो अक्सर जानवर अपने दुश्मन से बचने को कैसे मुर्दा से बनकर ज़मीन के साथ सट जाते हैं॥ अक्सर मछलियां अपने दुश्मन को आता देख कर थाह की मिट्टी उछाल उछाल कर पानी ऐसा गदला कर देती हैं कि वह वहां कुछ भी नहीं देख सकते हैं॥ चिड़ियां कैसे कैसे घोंसले बनाती हैं कि जिन में उन के अंडे बच्चे आराम से रहें और उन के दुश्मन यकायक न आने पावें। मक्खियां

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



कैसे छत्ते बनाती हैं कि जिन में बैठी मज़े से शहद पिया करें॥ मकड़ी अपने पेट से निकाल कर जाला तनती है। चींटी अपने बिल में दाना इकट्ठा करती हैं॥ तोता मैना काकातुआ सुनने से आदमी की बोली बोलने लगते हैं। बन्दर सिखलाने से कैसे कैसे तमाशे करते हैं॥ कुत्ता अपने मालिक को कैसा



कुत्ता



पहचानता है; कबूतर अपना घर कैसा याद रखता है॥ किसी किसी जानवर को आने वाला मौसिम पहले से मालूम हो जाता है। और वह उस से बचने का उपाय भी कर लेता है॥ देखो हिमालय के बर्फ़ी मुल्कों की अक्सर मुर्गाबियां जब जानती हैं कि अब जाड़ा आवेगा और वर्फ़ पड़ेगा वहां से उड़ कर इधर की नदी झीलों में मेरठ रुहेलखंड अवध और बनारस तक चली आती हैं। और जब यहां गर्मी आती देखती हैं उड़ कर फिर अपने मुल्क को चली जाती हैं॥ इसी तरह उत्तर ध्रुव के पास की चिड़ियां जहां समुद्र भी जम कर बर्फ़ की चट्टान बन जाता है हर साल इंगलिस्तान की तरफ़ चली आती हैं। और इंगलिस्तान की चिड़ियां मिसर में कि उस से भी गर्म है आ जाती हैं॥ यह चिड़ियां एक देस से दूसरे देस को झुंड बांधकर चलती हैं। और दिन भर में दो तीन सौ कोस निकल जाती हैं॥ जो रात में खाती पीती हैं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



वह रात ही को चलती हैं। और जो दिन में चरती चुगती हैं वह दिन को अपनी राह काटती हैं उस मालिक पैदा करने वाले ने जान्वरों को चमड़े और बाल भी उन के देस



सुरागाय

की सर्दी गर्मी के मुवाफ़िक़ दिये हैं। देखो हिमालय में सुरागाय के बाल कैसे लंबे और यहां की गाय के कैसे छोटे रहते हैं॥ वहां की भेड़ बकरी के बाल भी कैसे लंबे और गर्म होते हैं॥ यहां हम वैसे कहीं नहीं देखते हैं॥ हाथी ऊंट ऊंचे बनाये इस लिये एक को सूंड़ और दूसरे को लंबी गर्दन दी। जान्वरों के हाथ नहीं होते इस लिये मक्खी उड़ाने को उन को दुम बनायी॥ जो मांस खाते हैं उन के दांत तीखे किये॥ जो घास चरते हैं उन के वैसे ही बना दिये॥ बहुतों को ऐसी नींद दी कि अठवारों बल्कि महीनों सोते पड़े रहें। और इस ढब सर्दी गर्मी भूख प्यास किसी तरह का दुख न सहें॥

## रंग

चीज़ों का फ़र्क़ उन का रंग रूप देखने या पतला गाढ़ा कड़ा टटोलने से मालूम होता है। हरयाली देखने से आंखों को ज़ियादा सुख मिलता है इसी लिये उस मालिक पैदा करने वाले ने इस दुनया में हरा रंग बहुत दिया है॥ पर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



हरा भी कई क़िस्म का होता है। कोई हलका कोई गहरा कोई चमकदार और इसी लिये जुदा जुदा नाम से काही धानी ज़मुर्रदी ज़ंगारी बिस्तई मूंगिया पुकारा जाता है॥ यह भी जान रखना ज़रूर है कि असल रंग लाल पीला नीला यही तीन हैं। बाक़ी सब हरा गुलाबी बैंगनी नाफ़र्मानी ज़ाफ़रानी सोसनी पयाज़ी सुनहरी संदली कासनी ख़ाकी लाजवर्दी तूसी कंजई फ़ालसई शर्बती ख़शख़ाशी गंधकी कपूरी अब्बासी करौंदिया उन्नाबी अमब्बा अरगजा वग़ैरः उन्हीं तीन से मिल मिल कर बने हैं॥ जैसे नीला पीला मिलने से हरा और लाल पीला मिलने से नारंजी। या लाल नीला मिलने से बैंगनी॥ रंग सूरज की किरण से पैदा होते हैं। देखो मेंह बादल के सबब जब पानी के परमाणु आसमान में फैलते हैं और सामने से सूरज की किरणें उन पर पड़ती हैं इन्द्र धनुष बन कर सब रंग दिखलायी देने लगते हैं॥ पहले उस में लाल तब नारंजी फिर पीला बाद हरा उस के पीछे नीला उस से मिला हुआ बैंगनी और बैंगनी के किनारे पर बनफ़शई इस तरह सात रंग बन जाते हैं और यही सात रंग तिकोने शीशे में जिसकी तस्वीर यहां बनादी गयी है धूप के सामने



रखकर देखने से दिखायी देते हैं। जहां कोई रंग नहीं निरा उजाला है उसे उजाला सेरा सफ़ेद और जहां उजाला भी नहीं उसे अंधेरा और काला कहते हैं॥ इस में शक नहीं कि लाल पीला नीला तीनों रंग के मिलने से सफ़ेद होता है। लेकिन यह बात वही समझ सकेंगे जिन्हों ने कुछ ज़ियादा पढ़ा है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



## डौल

रंग के सिवाय रूप यानी डौल भी हर चीज़ का जानना ज़रूरी है। डौल बतलाने के लिये पहले यह समझलेा कि जिस सीधी लकीर के जिस को गणित विद्या वाले सरल रेखा कहते हैं दोनों कनारे दहने बायें होंगे वह आड़ी और जिस के कनारे ऊपर नीचे होंगे वह खड़ी और जो इन दोनों के दर्मियान वह तिरछी है॥

आड़ी लकीर खड़ी लकीर तिरछी लकीर

दो सीधी लकीरों के इस तरह पर मिलने से कि मिल कर एक लकीर न हो जायें कोना बनता है। और वह कोना या बराबर का यानी गणित वालों का समकोन या उस से छोटा यानी न्यूनकोन या बड़ा यानी अधिक कोन होता है॥




तीन सीधी लकीरों से जो जगह घिर जाती है वह त्रिभुज यानी तिकोन कहलाती है। इसी तरह चार सीधी लकीरों से घिरी हुई चतुर्भुज यानी चौकोन कही जाती है॥

अगर पांच लकीरों से घिरी होगी पचकोन कहलावेगी। अगर छ सात आठ या ज़ियादा से उतने कोन कही जावेगी॥ इसी अठकोन को अठपहलू भी कहते हैं। और ये तिकोन चौकोन

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



वग़ैर: लकीर और कोनों के छोटे बड़े होने के सबब बहुत क़िस्म के होते हैं॥ जैसे जिस तिकोन को दो लकीरें यानी उस के दो भुज बराबर होंगे समद्विबाहु त्रिभुज कहलावेगा। और जिस चौकोन में सामने की दो दो लकीरें आपस में बराबर और कोने सब समकोन होंगे वह जात्यायत कहा जावेगा॥




समद्विबाहु त्रिभुज

जो लकीर सीधी न होगी बेशक टेढ़ी होवेगी जैसे ऽ। और जो गोल घूम कर मिल जाती है यानी किसी जगह को घेर लेती है वह परिधि और उसका बीचों बीच केंद्र और केंद्र पर से जो लकीर उस को बराबर दो टुकड़ों में बांटे वह व्यास और जिस जगह को घेरे वह वृत्त कही जावेगी जैसे॥ चीज़ों का परिमाण यानी मिक़्दार देखने छूने और एक का दूसरे के साथ मिलान और अंदाज़ा करने से जाना जाता है। जैसे पहाड़ आदमी से और आदमी कुत्ता बिल्ली से बड़ा होता है।




For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



जिस में लंबान और चौड़ान हो वह धरातल है। और जिस में लंबान और चौड़ान के सिवाय मुटान यानी उचान या गहराई भी हो वह पिंड है॥ जब मुटान ऊपर को होती है उचान कहलाती है जैसे यह दरख़्त कितना ऊंचा है। और जब नीचे को होती है गहराई कही जाती है जैसे तालाब में पानी कितना गहरा है॥ तोल में बोझ हलका भारी कहलाता है। जैसे पत्थर से काठ हलका और सब धात से सोना भारी होता है॥

## बोली

बोली वह है। जिस से आदमी के जी की बात जानी जाती है॥ बोलते जानवर भी हैं पर मुंह से बोल कर अपने जी की सब बात दूसरे को नहीं समझा सकते हैं। धीरे या ज़ोर से बोल कर सिर्फ़ अपना सुख दुख या गुस्सा और प्यार ज़ाहिर कर देते हैं॥ तोता मैना काकातुआ सीख कर आदमी की सी बोली बोलने लगते हैं। पर वैसे ही जैसे कोई आदमी उन की बोली बोल ले यानी उस के अर्थ कुछ भी नहीं समझते हैं॥ अक्सर जानवरों की बोली के जुदा जुदा नाम हैं। जैसे हाथी चिंघाड़ते घोड़े हिनहिनाते ऊंट बलबलाते बैल डकराते कुत्ते भूंकते गधे रींगते मक्खी मच्छर भिनभिनाते भौंरे गूंजते कोयल कूकती चिड़िया चहचहाती कव्वे कांव कांव और कबूतर गुटरगूं करते हैं॥ जानवर अपने मन में मंसूबे बांध कर एक दूसरे को नहीं समझा सकते इसी लिये आदमी के बस में आ जाते हैं। आदमी दूसरे को समझा सकता है इसी लिये छोटे और बे पढ़े बुद्धू और पढ़े हुओं से सीख सीख और समझ समझ कर और अपनी जानकारी और होशयारी बढ़ा बढ़ा कर जानवरों को बस में लाना क्या बड़े बड़े काम कर सकते हैं॥ आदमी को ऐसा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



साफ़ और इतना ज़ोर से बोलना चाहिये। कि जिस के लिये बोले वह अच्छी तरह सुन और समझ ले॥ आदमी जितना मीठा बोलेगा। उतना ही लोगों का प्यारा बनेगा॥ और जितना सच कहेगा। उतना ही लोगों का उस पर भरोसा रहेगा॥ जहां तक बन पड़े। क्या लड़का क्या जवान और क्या बुड्ढा कभी कोई अपने मुंह से कड़वी और झूठी बात न निकाले॥

देस देस के आदमियों की बोलियां जुदा जुदा होती हैं। देखो फ़ारस की फ़ारसी अरब की अरबी यूनान की यूनानी रूम की रूमी इंगलिस्तान की अंगरेज़ी और हिन्दुस्तान की हिन्दुस्तानी कहलाती हैं॥ पर बड़ा देस होने से कहीं कहीं हर सूबे बल्कि हर ज़िले की बोली जुदा जुदा हो जाती है। जैसे हिन्दुस्तान में कश्मीरी पंजाबी नयपाली गुजराती मरहटी तेलंगी कर्णाटकी द्रावड़ी तामली मैथिली बंगाली सिंधी वग़ैरः अपनी अपनी जगह में बोली जाती है॥ ब्रज यानी मथुरा के आस पास की बोली ब्रज भाषा कहलाती है। उस से बढ़कर मीठी और प्यारी हिन्दुस्तान भर में कोई दूसरी बोली नहीं सुनी जाती है॥ मुसल्मानों की बादशाही में उन के उर्दू यानी लश्करी बाज़ार के दर्मियान जब तुर्क मुग़ल पठान यहां के हिन्दुओं के साथ लेन देन बनज व्यौपार और बात चीत करने लगे उन की तुर्की फ़ारसी अरबी इन की खरी हिन्दी के साथ मिलकर जो बोली बनी उर्दू कहलायी। और अब सर्कारी कचहरियों में वही काम आयी॥ सारी दुनया में दो हज़ार से ऊपर बोलियां बोली जाती हैं। जितना घूमो फिरो नयी ही नयी सुनने में आती हैं॥

## लिखना और छापना

आदमी सब वक़्त और सब जगह मुंह से बोल कर अपने जीकी बात नहीं कहसकता है। अगर दूसरा कोसों दूर है या यहीं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



अपने मरने के पीछे किसी काम के लिये कुछ कह जाना चाहता है क्यों कर मुंह से समझा सकता है ॥ इसी लिये अक्लमंदों ने ऐसे संकेत जिन्हें अक्षर कहते हैं ठहरालिये। कि जिन से वक्त और जगह दोनों की दूरी दूर हो कर पास आगये॥ जैसी जैसी आवाज़ मुंह से निकलती है हर एक के लिये एक एक अक्षर ठहराया है। और फिर उसे सियाही और शंगर्फ़ वग़ैरः से लिखने को तरह तरह का काग़ज़ बनाया है॥ जब तक काग़ज़ बनाने की हिक्मत मालूम नहीं थी लोग चमड़े और पेड़ों के पत्ते और उन की छाल पर लिखते थे। और वैसे ही क़लम भी रखते थे॥ हिन्दुस्तान के अक्सर हिस्सों में लोग अब तक भोजपत्र और ताड़पत्र पर लिखते हैं। बल्कि उन को काग़ज़ से बिहतर समझते हैं॥ अक्षर भी जुदा जुदा देस में जुदा जुदा क़िस्म के लिखे जाते हैं। जिन अक्षरों में यह पोथी लिखी है नागरी या देवनागरी कहलाते हैं॥ देखो अक्षरों का लिखना सीख लेने से हमारे कैसे कैसे काम निकलते हैं। जो अपने प्यारे दोस्त भाई बन्द लड़के बाले सैकड़ों बल्कि हज़ारों कोस दूर हैं उन के साथ भी चिट्ठी पत्री के वसीले से अपने मन की बात चीत कर सकते और जिन को मरे सैकड़ों बल्कि हज़ारों बरस होगये उन के मन की बातें भी उनकी बनायी हुई किताबों के वसीले से अच्छी तरह सुन सकते हैं॥ क्योंकि किसी की चिट्ठी पढ़ना या किसी की बनायी किताब देखना गोया उसके मुंह से निकली बातों का सुनना है। जिन को मरे अब हज़ारों बरस होगये उन की बनायी हुई किताब का हाथ में उठा लेना गोया उन को बुलाकर अपने सामने बिठा लेना है॥ सिवाय इसके आदमी जितना देखता सुनता है और दुन्या के ऊंच नीच



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



फैलता है। उतना ही जानकार और होशियार होता है॥ इसी लिये लड़कों से जवान और जवानों से बुड्ढा बढ़कर जानकार और होशियार गिना जाता है। और छोटा हमेशा बड़े का अदब और ताज़ीम करता है॥ पर जिस ने किताबें देखीं वह तो सैकड़ों बल्कि हज़ारों बरस की उम्र का हो गया वह तो सब की ताज़ीम और अदब के लाइक़ ठहरा॥ काग़ज़ पर सीसे की पिंसिल से भी लिखा जाता है। पर वह रबर से जो एक दरख़्त के गोंद या लासे से बनता है मिट जाता है॥ जब तक छापने की तर्कीब नहीं मालूम थी। पोथी हाथ हीं से लिखी जाती थी॥ और इसी लिये कम और महंगी मिलती थी। बल्कि जिस किताब की नक़ल बहुत नहीं फैलती थी आग पानी लूट लड़ाई में खो जाने और बर्बाद हो जाने के सबब दुन्या से उठ जाती थी॥ सन् १४३० ईसवी यानी सम्बत् १४८४ में जर्मनी यानी अलीमान देस के रहनेवाले जान गटनबर्ग ने छापने की तर्कीब निकाली। तभी से किताब अमर होकर वैसी सस्ती बिकने और सारी दुन्या में फैलने लगी॥ ढले हुए सीसे के बराबर टुकड़ों पर उभरे हुए उलटे अक्षर जोड़ कर और बेलन से तेल की सियाही लगाने के बाद उन पर काग़ज़ रखकर कल में दबा देते हैं। और फिर हाथों से घुमा घुमा कर छापते चले जाते हैं॥ लेकिन अब फ़रंगिस्तान में धुएं के ज़ोर से कलों को घुमाते हैं। हज़ारों आदमियों का काम एक एक कल से ले लेते हैं॥ लन्दन में इसी धुएं की कल की बदौलत वहां का टाइम्ज़ अख़बार हर सुबह को घंटे भर में पचास साठ हज़ार छपकर बट जाता है। जो कोई लिखनेको बैठे तो उम्र भर में भी इतना कहां लिख सकता है॥ अब सीसे के अक्षरों के बदले एक क़िस्म के नर्म और चिकने पत्थरों

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



से भी छापने का काम निकाल लेते हैं। मक्खन मोम साबुन मिली हुई चिकनी सियाही से रंगीन काग़ज़ पर लिखकर पत्थर पर ऐसी हिक्मत से जमाते और दाबते हैं कि वह सारे अक्षर काग़ज़ छोड़कर पत्थर पर उभर आते हैं॥ फिर उसी पत्थर पर पानी से नम करके और तेल की सियाही लगा के काग़ज़ रखते हैं। और कल घुमा कर छापते चले जाते हैं॥

## दौलत और मिह्नत

जिस के बदले जब चाहो कुछ मिल सके वही धन दौलत जाइदाद और पूंजी है और जो दूसरे की रोक टोक बिना जिसे चाहे दे सके उसी को वह गिनी जाती है॥ दौलत बे मिह्नत नहीं मिलती। माना कि किसी को बड़ों की दौलत वरसे में हाथ लग जाय लेकिन आख़िर बड़ों ने तो मिह्नत की॥ बड़े नादान हैं वे जो इस भरोसे पर आसकती बने बैठे रहें। और ज़रा भी अपने हाथ पैर न हिलावें॥ बे मिह्नत रोटी कपड़ा घर कुछ भी पैदा नहीं हो सकता है। आराम उसी को है जो अपनी कमाई का भरोसा रखता है॥ जो जिस का है बे उस की मर्ज़ी के चुराकर या ज़बर्दस्ती छीन कर उस से न लेना चाहिये। क्योंकि चोर और डाकुओं को हाकिम बड़ी कड़ी सज़ा देता है और जो इसी तरह छिन जाय तो फिर काहे को कोई मिह्नत से कुछ पैदा करे॥ लड़कों को चाहिये कि गिरी पड़ी और भूली भटकी भी कोई चीज़ कहीं पावें। उस के मालिक के पास पहुंचावें या मालिक मालूम न हो तो पुलिस के हवाले करदें॥ नहीं तो उन पर चोरी का शक होगा। और ऐसा सुभाव पड़ जाने से फिर किसी न किसी दिन उन्हें जेलख़ाने में जाना पड़ेगा॥ चोरी बहुत बुरी है। इसी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



लिये किसी दूसरे की चीज़ देखकर जलना डाह खाना लालच करना या उस के लेने पर मन चलाना अच्छी बात नहीं है ॥

उस मालिक पैदा करने वाले की पैदा की हुई चीज़ों पर जिसे कोई दूसरा अपने क़ब्ज़े में नहीं कर सकता जैसे आसमान की हवा सूरज की धूप दर्या का पानी ज़मीन की मिट्टी सब का बराबर हक़ और दावा पहुंचता है। बाक़ी आदमी की इह्तियाजें दूर करने को जो कुछ चाहिये मिह्नत ही से या मिह्नत का बदला देने से मिल सकता है ॥

निदान आदमी खाने पीने पहन्ने रहने को जो कुछ पैदा करने के लिये मिह्नत करता है उसी को रोज़गार और उद्यम कहते हैं। जो लोग कुछ रोज़गार और उद्यम नहीं करते पहला जमा किया हुआ खाते पीते और चैन उड़ाते हैं आख़िर एक दिन मुफ़्लिस धनहीन कौड़ी के तीन तीन हो कर भूखों मरते और पेट के लिये बेग़ैरत बनकर दर दर भीख मांगते फिरते हैं ॥ बच्चे मिह्नत नहीं कर सकते इसी लिये उन को उन के मा बाप खिलाते पिलाते पहनाते उठाते हैं। और जब वो मा बाप बुड्ढे होकर कुछ काम काज नहीं कर सकते तो उन के जवान लड़के उन की ख़बर लेते हैं ॥ बड़े नालाइक़ हैं वो लड़के जो अपने बुड्ढे मा बाप की अच्छी तरह ख़िद्मत नहीं करते हैं। या ख़िद्मत के बदले और भी उन को सताते और दुख देते हैं ॥ असल रोज़गार यानी पेशा चार ही क़िस्म का दिखलायी देता है यानी ज़मींदारी सौदागरी कारीगरी और चाकरी। और दर्जा भी इन का इसी हिसाब से बांधा है यानी पहले दर्जे में सब से बढ़कर किसानी और ज़मींदारी दूसरे में बनज व्योपार और सौदागरी तीसरे में दस्तकारी और कारीगरी और चौथे में सब से उतर कर चाकरी यानी नौकरी ॥ देखो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



किसान खेती बारी से कैसी कैसी चीज़ें अनाज शक्कर रुई पैदा करता है। फिर व्योपारी उन को कहां से कहां पहुंचाता है। कारीगर उसी रुई के कैसे कैसे कपड़े बनाता है। और यह नौकर चाकरों की मदद है कि जिस से हर एक इन तीनों में से अपना अपना काम मन मानता कर सकता है॥ सच है अगर मिहनत न हो। कुछ भी न हो॥ यह इसी का फल है कि जो गेहूं दाल चावल मेवे मिठाई खाने को बनात छींट मलमल ख़ासा नैनू नैनसुख पहनने को घड़ी अर्गन बंदूक़ पिस्तोल ताला कुंजी चाकू क़ैंची शीशे चीनी के बरतन तरह तरह के खिलौने हज़ारों साज़ सामान असबाब ज़रूरी और आराम के जब जहां चाहो मिल सकते हैं। निदान ज़रूरत दूर करने को ख़ाह आराम मिलने को सभी कुछ न कुछ मिहनत किया करते हैं॥ दर्ज़ी मोची लोहार बढ़ई रंगरेज़ धोबी हलवाई तेली बनिया सर्राफ़ रंगसाज़ शीशेगर मुलम्मावाला तमखेरा मुहरकन् मुसव्विर काग़ज़ी अत्तार बज्ज़ाज़ सर्राफ़ बैद हकीम हर एक अपने अपने काम में लगा रहता है। जब कि मक्खी चींटी भी मिहनत करती हैं सिवाय पागल सौदाई के कोई ऐसा नहीं जो हाथ पर हाथ धरे निठल्ला निकम्मा बैठा रहता है॥ मसल मशहूर है बैठे से बेगार भली। जिस ने मिहनत की उसी की बात बनी॥

लेकिन आदमी इतनी मिहनत भी न करे। कि बीमार पड़ कर मर जावे॥ मिहनत के लिये दस घंटा रोज़ हद्द है। उस में भी दो एक घंटा खाने खेलने जी बहलाने के लिये बहुत ज़रूर है॥ जो बीमारी से बचना चाहता है खाने में जल्दी न करे। और कच्ची कड़ी सड़ी गली और ऐसी चीज़ जो जल्द हज़म नहीं होती या बीमारी पैदा करती है कभी न खावे॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



खाने के बाद ज़रा आराम भी करलें। आराम से यह मतलब नहीं है कि दुपट्टा तान कर सोरहे और भैंस की तरह नाक बुलावे ॥ बल्कि कोई मिहनत यानी सोच विचार और दौड़ धूप का कुछ काम न करे। लेटकर किताब या अख़बार देखे चाहे और किसी तरह अपना जी बहलावे ॥ जी बहलाने के लिये सुबह शाम लोग हवा खाने को बाहर जा सकते हैं। अपने दोस्त आशनाओं के साथ जब पास हों अक़्ल और काम की बातें भी कर सकते हैं॥ लेकिन जूआ हर्गिज़ न खेलें। और मूर्खों की तरह बेजा बेफ़ाइदा बुरे कामों में अपना अनमोल वक़्त ख़राब न करें॥ बीमारी तभी दूर रहेगी कि जब अपना बदन और मकान ख़ूब साफ़ रक्खोगे। अगर तुम्हारे मकान अंधेरे या ऐसे हैं कि जिन में ताज़ी हवा हर दम आ जा नहीं सकती या ज़मीन हमेशा सीली और नम रहती है ज़रूर बीमार पड़ोगे ॥ आदमी जब बीमार हो उसी दम अच्छे से अच्छे बैद हकीम डाक्टर की जो मिले दवा करनी चाहिये। इस में ग़फ़लत और सुस्ती कभी न करनी चाहिये॥ हम जानते हैं कि इस देस में बुड्ढे होकर या बीमारी में दवा न पाकर अपनी मौत से तो एक ही दो मरते होंगे। लेकिन मकान हवादार न होने से या उस में या उस के आस पास मैला कुचैला सड़ा गला बदबू ग़लीज़ कूड़ा करकट पड़ा रहने से या जो चीज़ खाने लाइक़ नहीं खा जाने से या उलटी दवा काम में लाने से दस बीस उठ जाते होंगे ॥

## अच्छे देस

जहां बड़े बड़े शहरों में अच्छे अच्छे बाज़ार दूकान मंदिर शिवालय मस्जिद गिरजा कचहरी ख़ज़ाने मदरसे शिफ़ाख़ाने होते हैं। जहां आबाद गांव क़स्बों में सुथरे सुथरे कुए तालाब नहरें

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सड़कें डाक घर थाने तार रेल सराय मुसाफ़िरख़ाने रहते हैं। वही अच्छे देस हैं। उन्हीं में सब तरह के रोज़गार की तरक्क़ी और सारे पेशे वाले निडर सुख चैन से गुज़रान करते हैं। और यह तभी होता है। कि जब राजा अपनी नियत दुरुस्त रखता है॥ सब के जान माल की पूरी हिफ़ाज़त करता है। और उस के डर से कभी कोई ज़बर्दस्त किसी ग़रीब को नहीं सताता है॥ वहां दूर दूर से व्यौपारी बेखटके देस देस का माल लाते हैं। और उस राजा की बड़ाई और नेकनामी चारों खूंट पृथ्वी में फैलाते हैं॥

फ़ौज अच्छे राजा इसी लिये रखते हैं कि जो कभी कोई दुश्मन ग़नीम बाहर से चढ़ आवे तो अपनी प्रजा यानी रअय्यत को उस की लूट मार से बचा सकें। या अपने ही देस में अगर बदमआश इकट्ठे होकर कुछ फ़साद उठाना चाहें उनको बख़ूबी सज़ा दे सकें॥

जो देस समुद्र के कनारे बसे हैं उनके बचाव के लिये जंगी जहाज़ रखने पड़ते हैं। उन पर क़िलओं की तरह तोपें चढ़ी रहती हैं और वह क़िलओं की तरह लड़ते हैं॥ और फिर क़िलए भी कैसे कि जिन पर मनों वज़न गोले की तोप पल्टन की पल्टन सिपाहियों की थुएं की कल के बल से हवा की तरह उड़ते अंगुलों मोटे लोहे के पत्तर उन पर जड़े और तमाशा यह कि पतवार से जिधर को चाहो एक दम में मोड़ लो। बहुत से अब ऐसे बने हैं कि पानी के ऊपर थोड़े ही दिखलाई देते हैं उन में बैठ कर दुश्मन की मार से बचे हुए पानी के अन्दर ही अन्दर चाहे जहां चले जाओ॥ हथियार ढाल तलवार छुरी कटारी भाले बरछे खुखड़ी बान तीर कमान तबर चक्कर ज़िरह बक्तर बहुत क़िस्म के होते हैं। लेकिन तोप बंदूक़ पिस्तौल को हर्गिज़ नहीं पाते हैं॥ लड़ना बहुत बुरा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



है। सुखी वही देस है जहां न लड़ाई झगड़ा है न टंटा बखेड़ा है॥

## राज

राज कई क़िस्म का होता है। कहीं तो राजा को बिलकुल इख़्तियार रहता है॥ जैसा कि हिन्दुस्तान में अंगरेज़ों से पहले था वह जो चाहता है करता है। लेकिन इस में बुराई एक यह बहुत बड़ी है कि जब राजा अच्छा न हो मुल्क यकबारगी उजड़ जाता है॥ कहीं रअय्यत अपनी तरफ़ से कुछ आदमी चुनकर आईन क़ानून बनाने को और राजा की ज़ियादतियां रोकने को राज दर्बार में शामिल कर देती है। जैसे इंगलिस्तान की पार्लीमेंट हिन्दुस्तान में गो वह बात तो नहीं है पर गवर्नर जेनरल की लेजिसलेटिव कौंसिल और बड़े बड़े शहर क़स्बों में म्यूनिसिपल कमेटी उस का कुछ कुछ नमूना दिखलाती है॥ कहीं राजा होता ही नहीं रअय्यत अपने चुने हुए आदमियों की पंचायत बनाकर आप ही राज करती है। यह बात अमरिका के बड़े मुल्क में देखी जाती है॥

हर राज का जुदा निशान रहता है। और वही जहाज़ क़िल्अ फ़ौज के झंडे पर देखकर पहचान लिया जाता है॥

राज से जिस किसी की इज्ज़त बढ़ायी जाती है। उसे ख़िताब और ख़िल्अत मिलती है॥ ख़िताब हिन्दुस्तान में हिन्दुओं को महाराज महाराजाधिराज राजाराजे राजगान लोकेन्द्र सुरेन्द्र नरेन्द्र महेन्द्र राना रावल राव राय कुवर ठाकुर वग़ैरः और मुसल्मानों को शाह मिर्ज़ा नव्वाब ख़ां बहादुर जंग दौला वग़ैरः और सितारेहिन्द दोनों को मिला करते हैं। इंगलिस्तान में प्रिंस ड्यूक मार्क्विस अर्ल वाइकौंट बैरन लार्ड सर वग़ैरः दिये जाते

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



हैं ॥ अमरिका वाले किसी को खिताब नहीं देते हैं। सब को भाई की बराबर समझते हैं ॥

## उद्भिज

बेल बूटे घास पात फल फूल के पेड़ काई सिवार इन सब में भी अण्डज और जरायुज यानी पिंडज की तरह जान रहती है। क्योंकि अंधेरा उजाला और सर्दी गर्मी इन पर भी वैसा ही असर करती है॥ यह फ़र्क़ अलबत्ता बड़ा है कि अण्डज और पिंडज चल फिर सकते हैं। और ये जहां उगते हैं वहीं जमे खड़े रहते हैं॥ पेड़ों की छाल बाहर कड़ी और सूखी रहती है। और वही उन को बचाती है॥ भीतर उन की छाल गीली होती है। और उस के भीतर नर्म लकड़ी और फिर उस के भीतर कड़ी लकड़ी और वही पेड़ का बोझ संभालती है॥ किसी किसी पेड़ में उस कड़ी लकड़ी के भीतर कुछ गूदा सा रहता है। इसी तरह आदमी के बदन में बाहर का चमड़ा भीतर का चमड़ा मास हड्डी और हड्डी का गूदा हुआ करता है॥ देखो इन के पत्तों में कैसी नसें फैली हुई हैं। आदमी के बदन में भी इसी तरह फैली रहती हैं॥ आदमी फेफड़े से सांस लेते हैं। पेड़ इन्ही पत्तों से सांस लिया करते हैं॥ जो किसी पेड़ को ऐसी जगह में रख दो जहां उसे सांस लेने को हवा न मिले। वह भी आदमी की तरह दम घुट कर मर जावे यानी सूख जावे॥ उन का मुंह वही जड़ है जो धरती के भीतर रहती है। और सूरज की गर्मी का ज़ोर पाकर धरती का पानी खींचती है॥ जिस तरह आदमी के बदन में सब जगह लोहू घूमता है। उसी तरह वह पानी पेड़ों में डाल डाल और पात पात फिरा करता है॥ इसी से वह हरे और डह डहे बने रहते हैं लेकिन जाड़ों में सूरज की गर्मी घट जाने से धरती का पानी यानी रस उनमें ऊपर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



न चढ़ने के सबब पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं ॥ बसन्त यानी बहार के दिनों में जब फिर सूरज की गरमी पाने लगते हैं। रस ऊपर चढ़ने से उन में कोंपल कली फूल निकलकर झटपट हरे भरे दिखलायी देने लगते हैं ॥ कोई कोई पेड़ ऐसे भी होते हैं। कि उन को सर्दी कुछ नहीं व्यापती सदा तरोताज़ा बने रहते हैं ॥ पेड़ अक्सर बीज से पैदा होते हैं। कितनों ही की क़लम लगायी जाती है और बहुतेरों की जड़ जमाते हैं॥ कोई कोई बीज ऐसा हलका होता है। कि आंधी तूफ़ान से उड़कर सैकड़ों बल्कि हज़ारों कोस चला जाता है ॥ बीज जब धरती में पड़ता है। उस की एक तरफ़ से जड़ और दूसरी तरफ़ से पत्ता यानी अंखुवा निकलता है ॥ देखो उस मालिक पैदा करने वाले ने इस का भी कैसा सुभाव बनाया है। कि जड़ सदा नीचे और पत्ता सदा ऊपर रहा करता है॥ अगर ऐसा न होता और एक एक बीज उस का रुख़ देखकर बोना पड़ता। काहे को आदमी इतनी खेती बारी कर सकता ॥

किसी किसी पेड़ के फल गूदेदार होते हैं और उसके भीतर बीज रहते हैं। जैसे सेव नाशपाती अमरूद नारंगी उनके गूदे को लोग खाते हैं॥ किसी किसी पेड़ में गूदेदार फल के बदल फलियां लगती हैं और उन के भीतर बीज रहते हैं। जैसे मूंग मटर मोंठ अरहर और उन के बीज ही खाने में आते हैं॥ बेर कुहारा शफ़्तालू ऐसे फलों की गुठली कड़ी और भारी रहती है। कोई कोई फल बड़े मज़ादार और खुशबू से भरे हुए और कोई कोई रंगरूप के बहुत अच्छे लेकिन तासीर उनका ज़हर की होती है ॥ कोई कोई फल फूल पेड़ काई की तरह ऐसा छोटा होता है कि खाली आंखों से देखने में भी नहीं आता है। और कोई कोई फूल गज़ भर तक चौड़ा और पेड़ पौने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



दो सो फ़ुट तक लंबा होता है॥ बड़े अचरज की बात यह है कि फूलों के खिलने और बंद होने का वक़्त भी जुदा जुदा है। कुमुद (कोई) रात को खिलता और दिन को बंद होता और कमल (कँवल) दिन को खिलता और रात को बंद होता है॥

पेड़ या दरख़्त अक्सर उसे कहते हैं जिसकी पींड (तना) जड़ से एक ही निकल कर और कुछ दूर ऊपर जाकर उस में से टहनियां फूटती हैं। झाड़ छोटा होता है जड़ ही से उसकी टहनियां निकल पड़ती हैं॥ बेल अपने बल से नहीं खड़ी होती है। धरती पर रस्सी की तरह पड़ी बढ़ा करती है॥ जिसकी जड़ ही से लंबी लंबी पत्ती निकलती है। वह घास कहलाती है॥ आम इमली का पेड़ झड़बेरी का झाड़ खीरे ककड़ी की बेल कही जाती हैं। और ऊख बांस नरसल सरहरी जो गेहूं ज्वार बाजरा धान कपास सन अलसी यह सब घास की क़िस्म कहने में आती हैं॥ इस में शक नहीं कि नित की बोल चाल में घास उसी को समझते हैं। जो आप से आप दूब की तरह बिना बोये पैदा होती है और जिसको गाय बैल चरते हैं॥ लेकिन याद रक्खो घास अटकल से चार हज़ार क़िस्म की होती है। और जितनी चरी और काटी जाती है उतनी ही बढ़ती है॥ कपास के फल से रूई निकलती है। ऊख के रस से गुड़ शक्कर बतासा क़ंद राब चीनी मिसरी बनती है॥

पहाड़ के पत्थरों पर जहां घास जमने के लिये मिट्टी नहीं होती पानी से काई पैदा होकर सूखते सूखते इतनी इकट्ठी हो जाती है। कि उसी में जब किसी ढब हवा से उड़कर या चिड़ियों की बीट में पड़ कर कोई बीज पहुंच जाता है घास जमने लगती है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



जुदा तरह की होती हैं ॥ और यह निरी बेजान और कभी घटती बढ़ती और मरती नहीं हैं। सब जगह सदा एक सी बनी रहती हैं ॥

पत्थर लोहा खड़िया पत्थर का कोयला नमक वग़ैरः सब आकरज यानी धात की क़िस्में हैं। खान से निकलती हैं ॥ जिस को लोग मिट्टी कहते हैं अंडज जरायुज और उद्भिज के गलने सड़ने सूखने और जलने से बन गयी है। और दिन दिन बनती चली जाती है ॥ इस ज़मीन में ऊपर तले इन आकरज के परत ऐसे जमे हुए हैं। कि जैसे पयाज़ पर छिलके जमे रहते हैं ॥

चांदी सोना तांबा लोहा रांगा जस्ता वग़ैरः धात जब खान से निकलती हैं। पत्थर और मिट्टी के साथ मिली रहती हैं॥ जब उन्हें पीस कर पानी में डाल देते हैं। धात भारी होने के सबब नीचे बैठ जाती है और मैल जो पानी पर तिर आता है पानी के साथ बाहर निकाल कर फेंक देते हैं ॥ फिर उस धात को आग पर गला कर काम में लाते हैं। या जिस कच्ची धात में खान से निकलने पर पत्थर के कोयले वग़ैरः का मैल रहे पहले ही उस को आग में जलाकर साफ़ कर लेते हैं ॥ गो धात कुल आकरज को कह सकते हैं। लेकिन अक्सर चांदी सोना तांबा लोहा रांगा जस्ता सीसा और पारा इन्ही आठ के लिये बोलते हैं ॥ कोई धात थोड़ी ही आंच से और कोई बड़ी कड़ी आंच से गलती है। और कोई हथौड़े की चोट सहती और बढ़ती और कोई चूर चूर हो जाती है ॥ प्लाटिनम के सिवाय सोना सब से भारी होता है। और सब से बढ़कर महंगा भी मिलता है ॥ उसी से कई सिक्कों की अशरफ़ियां और तरह तरह के गहने बनते हैं। कड़े

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



दरख़्तों से आदमियों के बड़े काम निकलते हैं। किसी के फल खाते हैं किसी के पत्ते काम में लाते हैं॥ जो बड़े और मोटे होते हैं। उन्हें आरों से चीर चीर कर कड़ी तख़्ते निकालते हैं॥ उन्ही से घर गाड़ी छकड़े नाव जहाज़ पुल मेज़ कुरसी क़लम्-दान संदूक़ सैकड़ों चीज़ें बनती हैं। लकड़ियां इस देस में साल यानी साखू की मज़बूती में और शीशम की देखने में बहुत अच्छी होती है॥

हिमालय के पहाड़ों में देवदार शम्शाद और अख़रोट की लकड़ियां अच्छी गिनी जाती हैं। पूरब और दक्खन में कहीं कहीं सुन्दरी और सागवान की बहुत बढ़िया समझी जाती हैं॥ लेकिन जब पेड़ हज़ारों क़िस्म के होते हैं तो लकड़ियां भी हज़ारों क़िस्म की समझो। जहां बहुत से पेड़ आप से आप उग आते हैं उसे जंगल और जहां आदमी सेब नाशपाती बिही अमरूद नारंगी केले संतरे नीबू आम अंजीर शफ़्तालू लीची लुकाट अनार आलूचा आलूबुख़ारा खिरनी फालसे जामन चकोतरे बेर आमला कठल बढ़ल कैथ बेल कमरख नारियल लगाते हैं उसे बाग़ कहते हैं॥

जिस तरह आदमी के बदन का बचाव चमड़े से होता है उसी तरह पेड़ का उसकी छाल से होता है। इसी लिये पेड़ की छाल को कभी न छेड़ना चाहिये छाल बिगड़ने से पेड़ सूख जाता है॥

## आकरज

अंडज जरायुज और उद्भिज से आकरज में यह बड़ा फ़र्क़ है कि वह तो पैदा होती बढ़ती और फिर उम्र पाकर मर जाती हैं। और सर्दी गर्मी के सबब जुदा जुदा देसों में जुदा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



कंगन मोहनमाला पचलड़ी चंपाकली हार बाली पत्ते झूमके ज़ंजीर बाज़ूबंद छल्ले सब उसी से तय्यार होते हैं ॥ चांदी पर सोने का पत्तर चढ़ाकर उसका बहुत पतला तार खींच लेते हैं। और फिर उस तार को रेशम पर लपेट कर कलाबतून बनाते हैं ॥ सोने का पत्तर सब धात से बढ़कर पतला पिट सकता है। यानी साढ़े तीन तोले सोने का पत्तर बढ़ाया जाय तो डेढ़ सौ फ़ुट लंबा और उतना ही चौड़ा हो सकता है और अगर उतने ही सोने का तार खींचा जाय तो एक सौ मील लंबा खिच सकता है ॥ चांदी का रुपया बनता है और जिन को सोना नहीं मिलता उसी के गहने बनवा लेते हैं। और अमीर उमरा चांदी सोने के बरतन और और भी बहुत चीज़ें बनवाते हैं ॥ पर आदमी का काम जैसा लोहे से निकलता है दूसरी धात से नहीं निकलता। अगर लोहा न होता कुछ भी नहीं हो सकता ॥ फ़ौलाद इसी लोहे से बनाते हैं। आग में ताव देदेकर ठंढे पानी में बुझाते चले जाते हैं ॥ वह जितने ताव खाता है। उतना ही कड़ा और क़ीमती हो जाता है ॥ क़ैंची चाकू तीर तलवार जो चीज़ फ़ौलाद से बनती है। उसकी धार और नोंक बहुत तेज़ रहती है ॥ देखो लोहे से कितनी चीज़ें बनती हैं। तवा कढ़ाही हसवा चमटा संड़सी हथौड़ा कुल्हाड़ी बसूला आरी फावड़ा रुखानी बरमा गुलमेख़ कांटा रेती सरौता ताली ताला सांकल कुंडा सिटकिनी क़ब्ज़ा बंदूक़ बरछा तोप तपंचा सब इसी से तय्यार होते हैं ॥

चुम्बक को यहां वाले एक तरह का पत्थर बतलाते हैं पर जानने वाले उसे एक तरह का कच्चा लोहा जानते हैं ॥ ज़मीन के अंदर से निकलता है। और लोहे से भी बनता है ॥ उस में दो बातें बड़े अचरज की हैं यानी एक तो यह कि

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



लोहे को खींचता है। और दूसरी यह कि उस को मछली या सूई बनाकर किसी कांटे पर आड़ी रख दी जावे तो उस का लंबान सदा उत्तर दक्खन रहता है॥ लेकिन अगर कल से बिजली निकाल कर उस बिजली से भरे किसी तार को उस मछली या सूई के पास लेजाओगे। तो उस के लंबान को पूरब पच्छम पाओगे॥ जब वह तार उस के पास से हटेगा। उस का लंबान फिर उत्तर दक्खन हो जावेगा॥ पहली बात तो दर्ज़ी लोहार और लड़कों के काम की है। सूई खोने पर दर्ज़ी जब चुम्बक ज़मीन पर फेरता है अगर वहां गिरी होती है उस में चिपक आती है॥ लोहार इसी तरह लोहचून को धूल गर्द और कूड़े से जुदा कर लेते हैं और फ़रंगिस्तान में अक्सर नक़ाब की तरह चुम्बक को एक जाली सी काम के वक़्त मुंह पर डाले रहते हैं। जिस में लोहा रेतने और साफ़ करने में उस के परमाणु उड़कर नाक मुंह के भीतर न चले जावें और इस ढब फेफड़े की उन बुरी बीमारियों से जो लोहा नाक मुंह के भीतर चले जाने से पैदा हुआ करती हैं बचे रहते हैं॥ लड़के खिलौने बनाते हैं आंखों देखी बात है किसी लड़के ने एक छोटी सी पोली लोहे की बतक बनवा कर पानी के हौज़ में डाल दी। और चुम्बक एक काग़ज़ की मछली के पेट में छिपा कर और उस मछली को अपनी छड़ी से बांध कर उस बतक को दिखलायी॥ निदान जिधर को उस लड़के ने अपनी छड़ी फेरी और मछली दिखलाई। वह बतक उस चुम्बक की खिचावट यानी आकर्षणशक्ति से पानी पर दौड़ी चली आयी॥ नादान अचरज करते थे। दाना उस लड़के की होशयारी सराहते थे॥ दूसरी बात के मालूम होने से कम्पास यानी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



क़ुतुबनुमा बना। और टेलियाफ़ यानी तार पर ख़बर भेजने का सिल्सिला जमा॥ क्योंकि दो जगह क़ुतुबनुमा की सूइयां रख कर और उन के बीच में एक तार लगाकर जब उस तार को कल की बिजली से भरते हैं वह सूइयां पूरब पच्छम और जब ख़ाली करते हैं उत्तर दक्खन रहा करती हैं। और यह ठहरा लिया गया है कि इतनी दफ़ा इस तरफ़ को सूइयों के हटने से यह हर्फ़ मानना चाहिये जैसे एक दफ़ा उत्तर और एक दफ़ा पच्छम हटने से (अ) और दो दफ़ा उत्तर और दो दफ़ा पच्छम हटने से (आ) पस अब इस तार के वसीले से जो ख़बरें भेजना चाहो बहुत आसानी के साथ दुन्या के एक कनारे से दूसरे कनारे तक आन की आन में पहुंच सकती हैं॥

तांबे से ऐसे और लोटे कटोरे वग़ैरः बरतन और बहुत चीज़ें बनती हैं। हिन्दू तांबे और सोने को सब धातों से पाक समझते हैं और तांबा और लोहा यह दोनों धात बड़ी कड़ी आंच से गलती हैं॥

तांबे के बरतन में या कांसे पीतल के बरतन में जो तांबे के मेल से बनते हैं खाने की कोई खट्टी चीज़ कभी न रखनी चाहिये। क्योंकि तांबे में खटाई लगते ही ज़हर पैदा हो जाता है ऐसी चीज़ कभी न खानी चाहिये॥ इसी लिये लोग तांबे के बरतनों में क़लई कराते हैं। तांबा जस्ता मिलाकर पीतल और तांबा रांगा मिलाकर कांसा बनाते हैं॥

रांगा जस्ता सीसा बड़ी नर्म धात हैं। ज़रासी आंच से गल जाती हैं॥ सीसे की गोलियां और छर्रे बंदूक़ के लिये बनाते हैं। और इंग्लिस्तान में मकानों की छत बनाने के काम में भी लाते हैं॥ क्योंकि यह हवा पानी से नहीं बिगड़ता और न इस में मोर्चा लगता है। लेकिन वहां छर्रा भी एक नयी तर्कीब से बनता है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



किसी पानी के हौज़ के कनारे ऊंची जगह पर चढ़कर गलाया हुआ सीसा चलनी में डालते हैं वह छनकर मेह की बूंद सा हवा में गोल गोल छर्रा बन जाता है। और पानी के हौज़ में गिरते ही ठंढा हो कर वैसे का वैसा रह जाता है॥ फिर हौज़ से निकाल लेते हैं। और बंदूक़ पिस्तौल चलाने के काम में लाते हैं॥

---

## दूसरा हिस्सा

शागिर्द—आप ने तो ज़मीन पर बहुत चीज़ें बतलायीं। लेकिन जो ज़मीन हमारे देखने में आती है उस पर तो वह नहीं दिखलाई देतीं॥

उस्ताद—ज़मीन तुमने शायद उतनी ही समझ रक्खी है। जितनी तुमने या तुम्हारे गांव वालों ने देखी है॥ यह नहीं जानते कि कितने ही गांव ऐसे ऐसे एक एक परगने में और कितने ही परगने एक एक ज़िलऽ में और कितने ही ज़िलऽ एक एक मुल्क में बसे हैं। और फिर कितने ही मुल्क कोई बड़े कोई छोटे इस ज़मीन के परदे पर पड़े हैं॥ एक इसी मुल्क हिन्दुस्तान को देखो कहां से कहां तक फैला है। उत्तर में बदरीनाथ दक्खन में सेतबंधरामेश्वर पूरब में जगन्नाथ और पच्छम में द्वारका ने गोया इस को घेर रक्खा है॥ इन के बीच में द्रविड़ तैलंग कर्णाटक महाराष्ट्र गुजरात मालवा बुंदेलखंड मारवाड़ ब्रज पंजाब अंतरवेद मगध बंगाला उड़ीसा वग़ैरः उस के बड़े बड़े हिस्से हैं। जिन्हों ने इन ऊपर लिखे हुए चारों तीर्थों की यात्रा की वे नादानों की समझ में बिलकुल पृथ्वी की परिक्रमा कर आये हैं॥ तुम यक़ीन मानो कि यह सारा हिन्दुस्तान भी इस ज़मीन का निरा एक छोटा



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सा टुकड़ा ही है। बहुतेरे मुल्क ऐसे पड़े हैं कि जिन में एक एक इस से बहुत बड़ा है॥ उन में तरह तरह की चीज़ें पैदा होती हैं। यह न समझो कि जो यहां होती है कहीं दूसरी जगह नहीं मिलती हैं॥ देखो केसर बादाम हींग वग़ैरः सब सामान दूसरे मुल्कों से यहां आता है। और इसी तरह रुई शक्कर नील वग़ैरः यहां से दूसरे मुल्कों को जाता है॥

## ज़मीन की नाप और शकल

शागिर्द—आप के कहने से मालूम होता है कि ज़मीन का अंत ही नहीं। बराबर बट्टाढाल चली गयी है कहीं न कहीं॥

उस्ताद—ज़मीन बट्टाढाल नहीं है। बल्कि नारंगी की तरह गोल है॥ पच्चीस हज़ार बीस मील यानी बारह हज़ार पांच सौ दस कोस का उस का घेरा है। और अटकल से आठ हज़ार मील यानी चार हज़ार कोस का उस का व्यास नापा गया है॥

शागिर्द—ज़मीन नारंगी की तरह गोल क्यों कर हो सकती है। आंखों से तो चकले या चक्की के पाट की तरह बट्टाढाल दिखलायी देती है॥

उस्ताद—समुद्र के कनारे जाकर अगर दूर से किसी आते हुए जहाज़ पर निगाह दौड़ाओगे। पहले उस का मस्तूल यानी सब से ऊपर का हिस्सा और तब जों जों पास आता जायगा धीरे धीरे उस के नीचे के हिस्से यहां तक कि जब कनारे से लग जायगा उस का पेंदा भी देखोगे॥ जो ज़मीन गोल न होती। मस्तूल और पेंदे पर साथ ही नज़र पहुंचती॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



नीचे लिखी हुई तसवीर में बिंदियों से कनारे वाले आदमी की निगाह का निशान कर दिया है। दूरवाले जहाज़ का पहले मस्तूल भी नहीं और पासवाले का पैंदा दिखलायी देता है॥

इसी तरह ज़मीन पर भी जो किसी पेड़ या पहाड़ को दूर से देखो पहले उस की चोटी ही दिखलायी देवेगी। जब पास जाओगे जड़ तक नज़र पड़ेगी॥

दूसरा सबूत यह है कि कोई आदमी किसी तरफ़ को अगर सीधा बे दहने बायें मुड़े चला जाय पच्चीस हज़ार बीस मील घूम कर फिर अपनी उसी जगह पर आजाता है जहां से चला था। बहुत बार ऐसा हुआ है कि जो जहाज़ पच्छम या पूरब को एक ही सीध में टापुओं को बचाता हुआ चला गया कुछ दिनों में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी करके फिर अपनी उसी जगह पर आ गया॥

तीसरा सबूत यह है कि जब चांद घूमते घूमते थोड़ा या पूरा ठीक ज़मीन और सूरज के बीच में आता है। तब चांद की आड़ से ज़मीन के रहने वालों को उतना सूरज नहीं दिखलायी देता है॥ यही सूरज ग्रहण कहलाता है। और उस वक़्त वह चांद सूरज पर गोल काला दाग़ सा नज़र पड़ता है॥ इसी तरह जब ज़मीन घूमते घूमते थोड़ी या पूरी ठीक चांद और सूरज के बीच में आजाती है। तब ज़मीन की आड़ से सूरज की रौशनी उतने चांद पर नहीं पड सकती है॥ इसी को

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



चन्द्र ग्रहण कहते हैं अगर ज़मीन नारंगी की तरह गोल न होती। उस की परछाईं सदा सब हालतों में चांद पर कभी गोल न पड़ती॥ ज़मीन और चांद के घूमने का हिसाब करने से ठीक मालूम हो जाता है कि कब कितना ग्रहण लगेगा। और किस किस जगह से दिखलायी देगा॥ क्योंकि जहां रात है वहां से काहे को सूरज ग्रहण देखने में आसकेगा। और जहां दिन है वहां से काहे को चन्द्र ग्रहण नज़र पड़ेगा॥

## ज़मीन के हिस्से

दो तिहाई से ज़ियादा जल से ढकी है वही समुद्र कहलाता है। एक तिहाई थल यानी खुश्क कुछ एक ही जगह नहीं पड़ा है॥ दे सब से बड़े टुकड़े महा द्वीप कहलाते हैं। बाक़ी छोटे छोटे टापू सैकड़ों गिने जाते हैं॥ पुराने महा द्वीप यानी पुरानी दुनया के पूरब के हिस्से यानी एशिया में हिन्दुस्तान अफ़ग़ानिस्तान ईरान तूरान अरब शाम तातार चीन वग़ैरः मुल्क और पच्छम के हिस्से यानी फ़रंगिस्तान में रूस प्रूस जर्मनी रूम यूनान हस्पानिया पुर्तगाल फ्रांस डेनमार्क हालैंड वग़ैरः मुल्क और दक्खन के हिस्से यानी अफ़्रीका में मिस्र हबश ज़ंगबार वग़ैरः मुल्क बसे हैं। नये महा द्वीप यानी नयी दुनया कि जिसे अमरीका कहते हैं और जिस की राह सन् १५०० ई० के क़रीब से मालूम हुई है दो हिस्से उत्तर और दक्खन के नाम से पुकारे जाते हैं॥

ज़मीन पर कहीं तो ऐसी सर्दी पड़ती है कि बारहों महीने बर्फ़ जमा रहता है। और कहीं ऐसी गर्मी कि जिस से आदमी काला हो जाता है॥ सबब इस का यह है कि ज़मीन के घूमने में उस के जो हिस्से बराबर सूरज के सामने रहते हैं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



और उन पर सूरज की किरणें सीधी पड़ा करती हैं उन में सदा गर्मी बहुत ज़ियादा बनी रहती है। और जिन पर सामने न रहने से सूरज की किरणें तिरछी पड़ती हैं उन में सदा सर्दी बहुत ज़ियादा रहा करती है॥ जो इन गर्म और सर्द हिस्सों के बीच में पड़े हैं। वह मुअ़तदल यानी साधारन हैं॥ न वहां गर्मी बहुत लगती है। न सर्दी दुख देती है॥ विषुवत रेखा यानी भू मध्य रेखा से जो ज़मीन के बीच में है साढ़े तेईस तेईस दर्जे उत्तर और दक्खन गर्म मुल्क हैं। फिर तेंतालीस तेंतालीस दर्जे मुअ़तदल और साढ़े तेईस तेईस दर्जे उत्तर और दक्खन ध्रुव तक सर्द मुल्क हैं॥ मुअ़तदल में भी जितना गर्म की तरफ़ हटा होगा कुछ किसी क़दर वहां गर्मी का असर ज़ियादा रहेगा। और जितना सर्द की तरफ़ झुका होगा सर्दी का असर ज़ियादा मिलेगा॥




For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



पर ज़रा सोचना चाहिये उस मालिक पैदा करने वाले की हिक्मत को कि किस तरह जहां जिस चीज़ की ज़रूरत थी पैदा करदी है। गर्म मुल्कों को रसीले फल दिये जिन से प्यास बुझे जैसे नीबू नारंगी चकोतरा तरबूज़ ऊख पौंडा नारियल कसेरू वग़ैर: पहनने के लिये रेशम और रूई और चढ़ने के लिये ऊंट कि जिस को रेगिस्तान में गर्मियों के दर्मियान भी जल्दी बल्कि कई दिन तक प्यास ही नहीं लगती है॥ सच है सर्द से गर्म मुल्कों के आदमी कम मिहनती और आसकती होते हैं। लेकिन वहां थोड़ी ही मिहनत से खाने पहनने और ज़िन्दगी की ज़रूरी इहतियाजें दूर करने के सब सामान मिल जाते हैं॥

सर्द मुल्कों में न अनाज बहुत पैदा होता है न फल अच्छा फलता है। इस लिये वहां वालों को शिकार दिया है॥ और शिकार भी कैसा कि उस का बाल और चमड़ा उन लोगों को सर्दी से बचाता है। और पोस्तीन समूर संजाब क़ाक़ुम वग़ैर: नामों से जो यहां तक पहुंच जाता है बड़े दामों को बिकता है॥

लेपलैंड वग़ैर: सर्द मुल्कों में जो सब से बढ़ कर उत्तर ध्रुव से क़रीब है सर्दी और बर्फ़ के मारे खेती बारी जंगल तो क्या घास भी मुश्किल से पैदा होती है। लेकिन वहां वालों को उस ने एक तरह के बारहसिंगे ऐसे दिये हैं कि दूध उन का पीते हैं मांस उन का खाते हैं और खाल उन की ओढ़ने बिछाने और पहनने के काम में आती है॥ सींग के उन के बरतन बनाते हैं। और सवारी के लिये उन्हें गाड़ी में जोतते हैं॥ यह गाड़ी बर्फ़ पर निहायत जल्द यहां तक कि बीस घंटे में सौ कोस तक चली जाती है। लेकिन उस में पहिये नहीं लगाते नहीं तो बर्फ़ में धस जावें वह नाव के डौल पर बनती है॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



यह भी जान रखना चाहिये कि गो सारी ज़मीन पर सब मिला कर अटकल से एक अर्ब के ऊपर आदमी होंगे लेकिन जुदा जुदा मुल्कों में जुदाजुदा क़ौमें बसती हैं। और सर्दी गर्मी आब हवा खाने पहन्ने के तफ़ावत से उन का सुभाव शकलें भी निराली दिखलायी देती हैं॥ निदान सूरत शकल के तफ़ावत से पांच बहुत बड़ी बड़ी क़ौमें हैं। बाक़ी सब उन्ही की क़िस्में हैं॥ पहले तांबे के रंग वाले। दूसरे ध्रुव के समीपी तीसरे मुग़ल चौथे हबशी और पांचवें गोरे॥

अमरीका के असली बाशंदों का रंग तांबे कासा रहता है। सुभाव उन का निरा जंगली होता है॥ लैपलैंड और ऐसलैंड वग़ैरः के रहने वाले ध्रुव के समीपी कहलाते हैं। क़द में नाटे होते हैं॥ मुग़ल चीन और तातार वग़ैरः में रहते हैं। नाक उन की चपटी आंख तिरछी और छोटी पेशानी ऊंची और गाल चौड़े होते हैं॥ हबशी यानी हबश के रहने वालों के होंठ मोटे नाक फैली हुई रंग काला और बाल घुंघरवाले देखने में आते हैं। और गोरे जिन को अंगरेज़ काकेसयन यानी कोह-क़ाफ़ी भी कहते हैं इंगलिस्तान से लेकर हिन्दुस्तान तक बसते हैं॥ ये बहुत सुंदर और इन के सब अंग ठीक ठीक होते हैं। गोया मनुजी की शकल के नमूने हैं॥

## पहाड़

यह मत सोचो कि पहाड़ों की उंचाई से ज़मीन की गोलाई में कुछ फ़र्क़ आता है। जैसे अक्सर नारंगी का छिलका खुरदुरा यानी दानेदार होता है वैसे ही पहाड़ भी ज़मीन पर दाना दाना सा मालूम पड़ता है॥ पहाड़ पत्थर का होता है। कहीं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir





ज्वालामुखी पहाड़

कहीं पत्थरों के साथ मिट्टी और सब क़िस्म की धात यानी गंधक हरताल नमक कोयला हीरा माणिक चांदी सोना लोहा तांबा वग़ैरः भी मिला रहता है ॥ दो सौ से ऊपर इस ज़मीन पर ज्वालामुखी पहाड़ हैं और उन में किसी किसी के भीतर से आग ऐसे ज़ोर से निकलती है। कि उन पहाड़ों की चोटियों से दो दो मील तक ऊंची दिखलायी देती है॥ आग के साथ गली हुई गंधक वग़ैरः धातें राख और पत्थर भी निकलते हैं। और कोसों दूर पर जाकर गिरते हैं॥ कभी कभी किसी किसी पहाड़ से इतनी राख निकली है कि उस के तले शहर के शहर दब गये हैं। भूंचाल का सबब भी यही ज़मीन के भीतर की आग बतलाते हैं॥ जब कहीं किसी जलने वाली चीज़ से मिल कर भीतर ही भीतर भड़क उठती है उस के धक्के से भूंचाल आता है। जैसे तोपों की आवाज़ के धक्के से अक्सर मकान हिलने लगता है॥

हिमालय ज़मीन के सब पहाड़ों से ऊंचा है। यहां तक कि किसी जगह तीस तीस हज़ार फ़ुट से ऊपर यानी पांच

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



पांच मील के लग भग समुद्र के धरातल से खड़ा ऊंचा हिसाब में आया है ॥ बारह तेरह हज़ार फ़ुट के ऊपर सर्दी से सदा बर्फ़ जमा रहता है। न वहां कुछ उगता है न कोई जानवर जा सकता है ॥ उस से नीचे गांव शहर बसते हैं। और लोग ख़ूब खेतियां करते हैं ॥

शागिर्द—पहाड़ क्यों बनाया। इस से क्या फ़ाइदा ॥

उस्ताद—पहाड़ बहुत काम आते हैं। अदना फ़ाइदा यह है कि उस के पत्थर से मकान बनते हैं॥ सिल बट्टे कुम्हार के चाक चक्की के पाट तय्यार होते हैं। बाज़ार और गलियों में फ़र्श लगाये जाते हैं ॥ ऐसे कामों के लिये कड़े पत्थर अच्छे। नर्म निकम्मे ॥ जो पानी के ज़ोर से घिसते हैं। उन्हीं का बालू पहाड़ी नदियों में देखते हैं ॥

अक्सर पत्थर चमकदार होते हैं। हीरा सफ़ेद पन्ना हरा नीलम काला माणिक लाल पुखराज पीला गोमेदक नारंजी और लहसनिया लहसन के रंग का यह सातों खान से निकलते हैं ॥ मोती और मूंगा मिला कर नव रत्न कहलाते हैं। मोती और मूंगा दोनों समुद्र से निकलते हैं ॥ रत्न बहुत थोड़े और बड़ी तलाश से मिलते हैं। इसी लिये भारी दामों पर बिकते हैं। रत्नों के सिवाय और भी कई क़िस्म के पत्थर महंगे मिलते हैं। जैसे फ़ीरोज़ा लाजवर्द मुलेमानी यशम ग़ोरी अक़ीक़ बिलोर तामड़ा पितौनिया अबरी इलायचा दालचना सितारा सुमाक़ बट्ट संगमूसा संगमर्मर ये सब बहुत काम में आते हैं ॥

स्लेट जिस पर लड़के लिखते हैं एक क़िस्म का नर्म पत्थर है पहाड़ी लोग उस से अपने मकानों की छतें पाटते हैं। पत्थर के कोयले भी खानों से निकलते हैं ॥ जब गढ़े बहुत गहरे हो जाते हैं। कोयले कलों से ऊपर निकालते हैं ॥ असल इन



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



कोयलोंकी उद्भिज मालूम होतीहै। किसी ज़माने में ज़मीन की तह में दब गयी है॥ इंगलिस्तान में सारे काम इन्हीं पत्थर के कोयलों से होते हैं। और खानोंके अंदर गाड़ी घोड़े दौड़ते हैं॥ कोयलों को खान के मुंह पर ले आते हैं। तब कलों से ऊपर खींच लेतेहैं॥ कोयले की खान क्या है गोया ज़मीन के अंदर एक शहर बसता है। यह भी वहां देखने के लाइक़ तमाशा है॥

चिकनी मिट्टी जो ज़मीन से निकलती है उसके घड़े मटके हांड़ियां पियाले सुराही बहुत क़िसम के बरतन और खपरे ईंट बनाते हैं। और उसमें एक तरह का पीसा हुआ पत्थर मिलाकर चीनी का बरतन तय्यार करते हैं॥

नदी

पहाड़ से और झीलों से भी नदियां निकलती हैं। और फिर आपस में मिल मिला कर बहते बहते समुद्र में जा गिरती हैं॥ पहाड़ में जहां से पानी झरता है। झरना कहलाता है॥ बड़ी नदियों में धूएँ क नाव और बाक़ी में मामूली नाव होंगे पिनस पटेली मोरपंखी घुड़दौड़ छीप उलाक पनसोयी पल वार भौलिया बजरे कटर कच्छे चला करते हैं। और नदियोंसे काट कर नहरें निकाल कर खेत सींचते हैं॥ नदियों का पानी मीठा होता है। जहां नदियां नहीं वहां कूआ बावली तालाब खोदा जाता है॥ कूआ कोई मीठा कोई खारा होता है। जिस में नीचे उतरने को सीढियां लगी हों वह कूआ बावली कहलाता है॥

समुद्र

शागिर्द—जो सब नदियों का पानी समुद्रमें जाया करता है बढ़ते बढ़तेकिसी न किसी दिन वहसारी ज़मीन को डुबा देगा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



उस्ताद–समुद्र कभी नहीं बढ़ेगा जितना पानी उस में नदियों का आवेगा उतना ही सदा सूरज की गर्मी से भाफ हो कर उड़ता रहेगा ॥ समुद्र का पानी इतना खारा कि हर्गिज़ पीने के काम में नहीं आसक्ता है। हां जो उस को आगपर किसी बरतन में चला डालो तो नमक अलबत्ता अच्छा सफ़ेद हाथ लगता है ॥ समुद्र स्थिर कभी नहीं रहता उस की लहरें छ घंटे ज़मीन की तरफ़ आती हैं। और फिर छ ही घंटे उलटी चली जाती हैं ॥ इसी चढ़ाव उतार को जुआरभाटा कहते हैं। वह पच्चीस घंटे में दो बार आता है और सबब उस का चांद बतलाते हैं ॥ क्योंकि पूर्णमासी के दिन समुद्र की लहरें बहुत ऊंची उठती हैं। जहाज़वालों को कभी ऊपर कभी तले पहुंचाती हैं ॥ जहाज़ पाल के ज़ोर से चलते हैं। और पतवार से मुड़ते हैं ॥ लेकिन दुखानी यानी धुएं के जहाज़ पालों की परवा नहीं रखते। सामने की हवा से भी कभी नहीं रुकते ॥

जहाज़ वालों को चारों तरफ़ समुद्र ही समुद्र दिखलायी देता है। ऊपर आसमान और नीचे पानी रहता है ॥ तारे भी सदा दिखलायी नहीं देते हैं। एक निरे कंपास यानी ध्रुवमत्स्य के सहारे से अपनी राह चले जाते हैं ॥ अगर ज़रा भी राह भूलें। पानी में छिपे हुए पहाड़ों से टकरा कर उन के जहाज़ टुकड़े टुकड़े हो जावें ॥ यह ध्रुवमत्स्य घड़ी की शकल पर बनता है। उस में चुम्बक की एक सुई ऐसी होती है कि उस का मुंह सदा उत्तर को रहता है ॥ इसी से उत्तर दक्खन पूरब पच्छम और उन के कोने जान लेते हैं। और जिधर जी चाहता है वे खटके पाल उड़ाए या धुएं के लिये आग जलाये चले जाते हैं।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



ध्रुव मत्स्य

उत्तर



ईशान वायव्य

पूर्व पश्चिम

आग्नेय नैऋत



दक्षिण

समुद्र में पानी पर तरह तरह की मछलियां तैरती हैं। संख घोंघे सीप कौड़ी थाह या किनारों से चिपटी रहती हैं॥ कहीं कहीं सीपों में से जो ग़ोतेख़ोर ग़ोता मार कर निकाल लाते हैं मोती भी निकलते हैं। मूंगा वही है जो समुद्र की थाह में एक तरह के कीड़े अपने रहने का घर बनाते हैं॥ स्पंज भी जो पानी सोख लेता है और जिसे अक्सर नादान मुर्दा बादल बतलाते हैं एक तरह के कीड़ों का घर है। उस की जगह समुद्र के अंदर है॥ पत्थर की चट्टानों से चिपटा रहता है। समुद्र में तालाब नदियों की तरह सिवार भी जिस से विलायती शीशा बनाते हैं हुआ करता है॥

ज़मीन पर पांच मील तक पहाड़ की उंचाई नापी गयी है। उसी तरह समुद्र की गहराई की पांच मील तक थाह ली गयी है॥

ओस पाला मेह और बादल

शागिर्द—समुद्र से भाफ क्यों उठा करती है।

उस्ताद—जिस तरह आग की गर्मी लगकर अदहन में से भाफ निकलती है उसी तरह सूरज की गर्मी लगकर समुद्र ज़मीन पहाड़ नदी झील बनस्पति जीवजन्तु तमाम चीज़ों से भाफ निकला

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



करती है ॥ गर्मी से हर चीज़ के परमाणु दूर दूर हो जाते हैं। यानी फैल जाते हैं ॥ बर्फ़ में जब गर्मी लगी गलकर पानी हुआ। पानी में जब गर्मी लगी फैलकर भाफ बनगया ॥ गर्मी जब बहुत होती है। पानी के परमाणु ज़ियादा दूर दूर फैल जाने से भाफ दिखलायी नहीं देती है ॥ भाफ हलकी और ठंढी हवा भारी होने के सबब हवा नीचे भाफ ऊपर हो जाती है। और इसी वज़न के अंदाज़े से ज़मीन के पास या कुछ दूर ऊपर रहा करती है ॥ फिर जों जों गर्मी घटती है यानी सर्दी होती जाती है। वही भाफ कुहरा कुहासा बादल ओस मेह बर्फ़ ओले बन कर नज़र आती है ॥

जब जहां ज़मीन के पास गर्मी न होगी। जैसा कि अक्सर जाड़ों में और उस में भी पानी के पास हुआ करता है भाफ ज़मीन ही पर कुछ किसी क़दर जम कर कुहासा बन जायगी ॥ नहीं तो ऊपर जाकर जमेगी। और बादल बन कर दिखलायी देगी ॥ ज़मीन से जों जों ऊपर जाओगे। गर्मी कम और सर्दी ज़ियादा पाओगे ॥ सबब यह है कि ज़मीन पर एक गर्मी तो सूरज की और दूसरी ज़मीन की क्योंकि जो गर्मी सूरज से निकल कर ज़मीन में जाती है। वह फिर ज़मीन से बाहर निकला करती है ॥ कोस दो कोस ऊपर जाने से सूरज की गर्मी तो कुछ नहीं बढ़ती है। जहां करोड़ों कोस की दूरी है वहां कोस दो कोस कम होने से क्या तफ़ावत पड़ेगा लेकिन ज़मीन की गर्मी वहां बहुत कम पहुंचती है ॥ जैसे बलते चूल्हे पर से गर्म तवा चालीस पचास गज़ के तफ़ावत पर ले जा कर अपनी उंगली चूल्हे और तवे के बीच में तवे से दो इंच दूर रख कर अगर फिर आठ दस इंच दूर कर लोगे। ज़रूर गर्मी कम पाओगे ॥ क्योंकि चूल्हे की गर्मी तो नाम को

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



बढ़ेगी। लेकिन तवे की गर्मी आधी से भी कम रह जावेगी॥ जब ज़मीन के पास ज़ियादा सर्दी होती है वही कुहासा ओस बन जाता है। घास और पत्तों में बूंद बूंद पानी मोतियों की तरह लटका करता है॥ जाड़े के दिनों में इसी तरह आदमी की नाक और मुंह से सांस के साथ निकली हुई भाफ उस की मूछों पर या फूंको तो शीशे पर जम कर ओस बन जाती है। यानी पानी के छोटे छोटे परमाणुओं की शक्ल में दिखलायी देने लगती है॥ अगर ज़मीन के पास इस से भी ज़ियादा सर्दी हो वही ओस जम कर पाला यानी यख़ बन जाये। और घास पत्तों पर पीसे हुए नमक या मिसरी की शक्ल पर नज़र आये॥ लेकिन जब ज़मीन के पास सर्दी नहीं गर्मी रहती है। यह भाफ उड़ी हुई ऊपर चली जाती है॥ यहां तक कि सर्दी पाकर बादल बनती है। और वज़न बढ़ने से फिर नीचे की तरफ़ गिरती है॥ अगर वहां ऊपर सर्दी ज़ियादा हुई बादल जम कर पानी की बूंदे बन गया। मेह होकर बरस पड़ा॥ अगर वहां सर्दी इस से भी ज़ियादा हुई बादल जम कर बर्फ़ होगया। और धुनते वक़्त जिस तरह रूई के फाये उड़ते हैं ठीक उसी तरह सर्द मुल्कों में और हिमालय के से ऊंचे पहाड़ों पर भी गिरने लगा लेकिन अगर पानी होने पर ज़ियादा सर्दी में पड़ा। जम कर यकबारगी यख़ यानी पाला यानी ओला बन गया॥ जितनी पानी की बूंदें इकट्ठा हो जाती हैं। उतनी ही बिनौलियां (ओले) बड़ी और भारी होती हैं॥ बर्फ़ और यख़ के भीतर कुछ हवा भी रह जाती है इस लिये पानी से हलका होता है। और पानी पर तिरता है॥

बादल पांच मील से ज़ियादा ज़मीन के ऊपर नहीं जाते हैं। बल्कि अक्सर एक ही मील के भीतर रहा करते हैं॥ समुद्र

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



के कनारे मेह बहुत बरसता है। क्योंकि समुद्र की भाफ में पानी का हिस्सा ज़ियादा रहता है॥ किसी किसी पहाड़ की जड़ में भी बरसात बहुत होती है। क्योंकि समुद्र की भाफ उड़ती उड़ती जब उस पहाड़ से टकरा कर रुकती है उसी जगह पानी होकर बरस पड़ती है॥ इस मुल्क में पूरब और दक्खन की हवा से ज़ियादा मेह आता है। क्योंकि समुद्र उसी तरफ़ पड़ता है॥ पर इस का कुछ ठिकाना नहीं है। क्योंकि ऊंचे ऊंचे पहाड़ और सूखे सूखे रेगिस्तान का भी असर कहीं कहीं है॥

बिजली कुछ बादलों ही में नहीं रहती है। थोड़ी बहुत सब जगह और अक्सर चीज़ों में रहा करती है॥ यहां तक कि हमारे और तुम्हारे बदन में भी है। और कलों के ज़ोर से भी निकल सकती है॥ जब बादल के दो टुकड़े ऐसे आकर आपस में मिलते हैं कि दोनों में दो तरह की बिजली या एक में ज़ियादा और दूसरे में कम होती है। और यह एक में से निकल कर दूसरे में जाती है॥ तब उस की चमक दिखलायी देती है। और हवा को जो उस का धक्का लगता है वही गरजने की आवाज़ सुनायी देती है॥ लेकिन चमक से गरज कुछ देर पीछे सुनायी देती है। जैसे तोप की रंजक उड़ने से बल्कि उस के मुंह से धूआं निकलने से कुछ देर पीछे उस की आवाज़ सुनने में आती है॥ सबब यह है कि रोशनी तो एक सिकंड यानी मिनट के साठवें हिस्से यानी अढ़ाई विपल में एक लाख छयासी हज़ार मील के लग भग चलती है॥ और आवाज़ इतने अर्से में कुल पांच ही मील पहुंचती है॥ इसी के तफ़ावत का हिसाब कर के बादल और तोप की दूरी जान सकते हैं। बिजली बादल छोड़ कर जिन पर गिरती है अगर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



जानदार हैं मर जाते हैं अगर मकान जहाज़ दरख़्त वग़ैरः हैं टुकड़े टुकड़े हो जाते हैं बल्कि जलने वाले जल भी जाते हैं। ऊंची इमारतों को बिजली गिरने का बहुत डर रहता है॥ लेकिन फ़रंगिस्तान के अक्लमंदों ने जिस मकान को बचाना मंज़ूर हो उस से ज़रा ऊंची एक लोहे की नुकीली छड़ उस के पास गाड़ देने की ऐसी तर्कीब निकाला है कि बिजली सदा उसी में समाती रहती है और वह मकान बच जाता है॥ जब बिजली चमके। आदमी ऊंची चीज़ों के पास जैसे दीवार या दरख़्त के नीचे न रहे॥ धात कोला पानी जीवजन्तु वग़ैरः कितनी ही चीज़ें बिजली को बहुत खींचती हैं इसी लिये उन पर बिजली अक्सर गिरा करती है। और शीशा रेशम गंधक लाख मोम वग़ैरः कितनी ही चीज़ें बिजली को बिल्कुल खींचती ही नहीं इसी लिये उन पर बिजली कभी नहीं गिरती है॥

## गर्मी

शागिर्द—गर्मी आग से पैदा होती है। और आप कहते हैं कि गर्मी पानी में भी रहती है॥

उस्ताद—ऐसी कोई चीज़ या कोई जगह नहीं है जिस में कुछ न कुछ गर्मी न हो। गर्मी का सुभाव है कि अगर दो चीज़ ऐसी इकट्ठी हों जिन में एक ज़ियादा गर्म हो और दूसरी कम तो जो ज़ियादा गर्म होगी उस में से इतनी गर्मी निकल कर उस कम गर्म में चली जायगी कि दोनों बराबर गर्म हो जायें जब चाहे आज़मा लो॥ जो किसी पत्थर के टुकड़े को हाथ में लो और वह ठंढा मालूम हो तो क्या है? तुम्हारे हाथ से उतनी गर्मी निकल कर उस में जाती है कि जितनी से दोनों बराबर गर्म हो जायें। जो किसी आग

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



में तपाये हुए लोहे को हाथ में लो और वह गर्म मालूम हो तो क्या है ? उस में से उतनी गर्मी निकल कर तुम्हारे हाथ में समाती है कि जितनी से दोनों बराबर गर्म बन जायें ॥ जो तुम अपना एक हाथ ठंढे और दूसरा गर्म पानी में डुबाओ और फिर एक साथ निकाल कर अपने दोनों हाथों को ऐसे पानी में ले जाओ कि जो न ठंढा है न गर्म तो जो हाथ तुम्हारा पहले ठंढे पानी में था उसे तो गर्म और जो गर्म में था उसे ठंढा मालूम देगा । क्योंकि उस हाथ में तो गर्मी समावेगी और इस से निकलेगी निदान सर्दी कोई अलग चीज़ नहीं है जो जितना कम गर्म होगा वह उतना ही ठंढा कहा जावेगा ॥ यख़ यानी पाले में से भी चिनगारी निकलती है। लेकिन कोई चीज़ जल्द और कोई देर में गर्म होती है ॥ जो पीतल के बेताम लगी कुरती पहन कर आग के सामने खड़े हो पहले बेताम पीछे कुरती का कपड़ा गर्म होगा। इसी तरह जो चांदी तांबा जस्त पत्थर और मिट्टी के बराबर एक से टुकड़े लेकर आग में रक्खो पहले चांदी का फिर तांबे का फिर जस्त का फिर पत्थर का और तब मिट्टी का थिकेगा ॥ निदान जो चीज़ आदमी के बदन से कम गर्म होगी । उस की गर्मी ख़ाली छूने से मालूम न पड़ेगी ॥ बल्कि उस के ज़ाहिर करने की और तरकीबें हैं जैसे दो चीज़ों को आपस में रगड़ना देखो बांस से बांस जब रगड़ खाता है । आग निकल कर जंगल का जंगल जल जाता है ॥ या एक को दूसरे से ठोकना देखो इस ढब चक्मक से आग निकलती है । या दो चीज़ों का आपस में मिलना देखो तेज़ाब से जो चीज़ मिलती है जल जाती है ॥

जिस चीज़ में जितनी गर्मी समाती है उतने ही उस के परमाणु दूर दूर फैल जाते हैं। गोया अपने दर्मियान गर्मी को



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



जगह देते हैं॥ सेर भर पानी भाफ होकर उतनी जगह रोकता है कि जितनी में एक हज़ार सात सौ सेर पानी आता है। इस सबब से धूएं की कल में कि जिस को भाफ की कल कहना चाहिये बड़ा ज़ोर होता है हज़ारों घोड़ों का और बड़ी कड़ी ख़बर्दारी रखने पर भी कभी कभी धात का पीपा जिस में पानी खौल कर भाफ बनता है फट जाता है॥ किसी दिन एक साहिब ने इंग्लिस्तान में अपनी देगची का जिस में चाय के लिये पानी गर्म हो रहा था ढकना भाफ से फड़फड़ाता देख कर यक़ीन जान लिया कि भाफ में भी ताक़त और ज़ोर है। और फिर ऐसी कल बनायीं कि जिस में पानी आग से भाफ बन कर देगची के ढकने की तरह एक डंडे को ऊपर नीचे हिलावे जिस से पहिये घूमने लगे अब इसी कल के वसीले से समुद्र में जहाज़ चलते हैं लोहे की सड़क पर गाड़ियां दौड़ती हैं दुन्या के तमाम काम निकलते हैं निदान जिधर सुनो इसी का शोर है॥

गर्मी की कमी ज़ियादती थर्मामेटर से नापी जाती है। वह एक पोली पतली लंबी गर्दन की गोल शीशी होती है॥ पहले ऊपर उस का मुंह खुला रखते हैं। और गर्म करके उस में पूरा पारा भर देते हैं॥ और तब उस का मुंह शीशे से इस तरह बंद करके कि जिस में किसी ढब भीतर हवा न जा सके उस शीशी को बर्फ़ में ठंढी होने देते हैं निदान बर्फ़ के बराबर ठंढी होने पर पारा बिलकुल सिमिट कर शीशी के पेटे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



में चला जाताहै और गर्दन ख़ाली होजाती है तब जहांतक पारा रहता वहां बत्तीस का निशान कर देते हैं और फिर खोलते हुए पानी में उस शीशीको डालनेसे जहां तक पारा चढ़ता है वहां दोसो बारहका निशान बना देतेहैं॥ निदान इन दोनों निशानों के बीच में उस शीशी की गर्दन को एकसो अस्सी बराबर अंशों में बांट कर छोड़ देते हैं। यहां तक कि जब जहां जितनी गर्मी होती है वह पारा उस शीशी की गर्दन में उतने ही अंश तक चढ़ता है और उस अंश पर जो गिनती लिखी रहती है उसे देख कर तुर्त गर्मी का अंदाज़ा कर लेते हैं॥ इस नीचे लिखी हुई तस्वीर में वह शीशी एक कठ की तख़्ती पर जड़ी है। और अस्सी अंश तक पारा चढ़ा है इसी लिये उसे वहां तक काली बनादी है॥ अगर बत्तीस तक पारा उतर आवेगा। पानी जमकर यख़ होजावेगा॥ अगर दो सौ बारहतक चढ़ जावेगा। पानी तुर्तखोलने लगेगा॥



## हवा

शागिर्द—आपने कहाकि भारी हवा हलकी भाफको ऊपर उड़ा ले जाती है। तो क्या हवा में भी बोझ है जो भारी होती है॥

उस्ताद—बेशक और सब चीज़ों की तरह हवा में भी बोझ है यह भूगोल चारों तरफ़ हवासे घिरा है। लेकिन चालीस पैंतालीस मील के ऊपर फिर कुछ भी हवा नहीं है न वहां बादल बर्फ़ है न आंधी पानी और न वहां कोई ज़मीन का जानदार जा और जी सकता है॥ अगर बहुत सी हवा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



किसी जगह रक्खी हो तो जिस तरह ऊपर की रुई के बोझ से नीचे की रुई दबी और ठस रहती है। उसी तरह नीचे की हवा भारी और ऊपर की हलकी होती है॥ लेकिन जब ज़मीन की गर्मी लगने से नीचे की हवा फैल कर हलकी हो जाती है। तो ऊपर की नीचे आकर नीचे वाली हवा को ऊपर उड़ा देती है॥ जैसे पानी के तले तेल ले जाओगे। तो तेल को ऊपर और पानी को तले देखोगे॥ और यही सबब है सदा हवा के बहने का जो कभी किसी जगह यकबारगी हद्द से ज़ियादा गर्मी सर्दी हो जाने के सबब कोई हिस्सा हवा का बड़े ज़ोर से चला आता है। तो वही आंधी तूफ़ान और बगूला कहलाता है॥ यह कभी कभी ऐसे ज़ोर से आता है। कि बड़े से बड़ा पेड़ जड़ से उखड़ जाता है और पक्के से पक्का मकान गिर पड़ता है॥ तेज़ हवा एक घंटे में पैंतालीस मील तक जाती है। लेकिन आंधी एक सौ मील तक यानी तोप के गोले से भी ज़ियादा जल्द चलती है॥ निदान हिसाब करने से मालूम हुआ है कि एक एक वर्ग इंच पर साढ़े सात सात सेर बोझ हवा का पड़ता है। यानी जो जितना लंबा चौड़ा होता है उतना ही बोझ के तले आता है॥ किसी अच्छे मोटे ताज़े आदमी का बदन नापो तो दो हज़ार वर्ग इंच से कम न पाओगे। पस ऐसे आदमी पर पौने चार सौ मन बोझ हवा का सदा बना रहता है कि जो बीस चौवलदी गाड़ियों पर भी मुश्किल से लाद सकोगे॥ तुम बड़े अचरज में आओगे कि जो आदमी के बदन पर सदा इतना बोझ बना रहता है। तो उस को मालूम क्यों नहीं होता है बल्कि वह पिस कर चकनाचूर क्यों नहीं हो जाता है॥ सबब इस का यह है कि आदमी के सारे बदन में हवा भरी है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



वही बाहर की हवा का बोझ सम्हालती है ॥ पानी के अंदर पानी से भरे हुए घड़े का बोझ मालूम नहीं होता है। अगर किसी बरतन के मुंह पर कोई नाज़ुक चीज़ रख कर उस के अंदर की हवा कल से निकाल डालो बाहर की हवा के बोझ से ज़रूर टूट जायगी अगर किसी ने अपना हाथ रक्खा होगा जब तक उस में फिर हवा न भरी जाय हर्गिज़ नहीं उठ सकता है ॥ इसी हवा के दबाव से आदमी के बदन में लोहू घूमता है। अगर किसी बंद बरतन में किसी जानवर को रख कर उस की हवा निकाल लो तुर्त उस का बदन फट जाता है ॥ ऊंचे पहाड़ों पर जहां हवा का दबाव बहुत कम है चढ़ने मे दुख होता है। चमड़ा फट कर बल्कि नाक कान से लोहू बहने लगता है ॥ हवा के दबाव यानी बोझ का अंदाज़ा करने के लिये बरामेटर बनाते हैं। एक पियाले में पारा भर देते हैं और फिर एक शीशे की नली में जिस का एक तरफ़ का मुंह बंद होता है पारा भर कर और उस की दूसरी तरफ़ का मुंह उस पियाले के पारे के अंदर ले जा कर उसे उस में सीधा खड़ा कर देते हैं॥ नली के अंदर का पारा कुछ दूर नीचे उतर आता है। लेकिन उनतीस या तीस इंच तक ऊंचा उस नली में ठहरा रहता है ॥ क्योंकि नली के भीतर जो पारे के ऊपर शून्य है हवा का कुछ भी ज़ोर और दबाव नहीं है। और बाहर पियाले में पारे पर हवा का मामूली यानी एक वर्ग इंच पर साढ़े सात सेर का दबाव है॥ निदान जब कहीं किसी सबब से हवा कुछ हलकी होगी नली का पारा नीचे उतरेगा। जब जितनी भरी होगी यानी हवा का दबाव बढ़ेगा उतना ही पारा ऊपर चढ़ेगा ॥ जितना ऊंचे जाओ हवा हलकी मिलेगी। इसी से जिस पहाड पर जितना पारा नीचे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



उतरता देखो उतनी ही उसकी उंचाई मानी जावेगी ॥ इस तरह पहाड़ों की उंचाई नापने में यह बरामेटर बहुत काम आता है। और हवा का हलका भारी होना मालूम पड़ने से आंधी मेह का भी कुछ पहले से पता लग जाता है ॥

तत्व और खेती बारी

शागिर्द—ठीक है जनाब लेकिन हम ज़मीदारों को इन चीज़ों से काहे को कभी काम पड़ता है।

उस्ताद—यह तुम ने क्योंकर यक़ीन कर लिया ज़मींदारों को तो सब से ज़ियादा हर चीज़ का काम पड़ता है ॥ देखो। एक तत्व ही को लो ॥ हमने तुम को शुरूड़ ही में बता दिया है कि फ़रंगिस्तान वाले तिरसठ तत्व मानते हैं। अब अगर ज़मींदार इस बात को जानलें कि किस किस अनाज तरकारी वग़ैरः ज़मीन की पैदावार में कितने कितने कौन कौन से तत्व मिले हैं और इसी तरह यह भी मालूम करलें कि किस खाद और ज़मीन में कितने कितने कौन कौन से तत्व रहा करते हैं ॥ जिस खेत में से जो अनाज काट लाने के सबब जैसा तत्व घटा देखेंगे। वैसे ही तत्व की खाद उस खेत में डाल कर फिर उस का ज़ोर बराबर कर लेंगे ॥ या जब जिस ज़मीन को उस में जौनसा तत्व न होने के सबब कमज़ोर पावेंगे। उसी तत्व की खाद उस में डाल कर उस का ज़ोर बढ़ालेंगे ॥ फ़रंगिस्तान वाले इस ढब ख़राब ज़मीन को भी अच्छी और उपजाऊ बनालेते हैं। हिंदुस्तान वाले अच्छी उपजाऊ ज़मीन को भी बराबर अधाधुन्ध जोतते जोतते बिगाड़ डालते हैं ॥ मिसाल के लिये मान लो कि एक बीघे खेत में दस मन गेहूं और बीस मन भूसा पैदा हुआ। और जलाने पर सात सेर राख

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



उतने गेहूं की और एक मन राख उतने गेहूं के भूसे की जो हाथ लगी उस में रसायन विद्या के वसीले से नीचे लिखे बमूजिब हर एक तत्व देखा गया ॥

| गेहूं की सात सेर राख में | | | भूसे की एक मन राख में | | मीज़ान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तत्व | सेर | छटांक | सेर | छटांक | सेर | छटांक |
| पोटाश | २ | ० | ४ | ६ | ६ | ६ |
| सोडा | ० | ३ | १ | २ | १ | ५ |
| मैगनीशिया | ० | १२ | १ | १ | १ | १३ |
| चूना | ० | ३ | २ | ६½ | २ | ६½ |
| फ़ासफ़ोरिक एसिड | ३ | ० | २ | २½ | ५ | २½ |
| सल्फ़्यूरिक एसिड | ० | २ | १ | १½ | १ | ३½ |
| बालू | ० | १½ | २६ | ० | २६ | ८½ |
| गंधक | ० | ६ | १ | ३½ | १ | १½ |

तो जब उस बीघे भर खेत में जिस से इस गेहूं और भूसे ने इतना पोटाश वग़ैरः पेड़ों की ख़ुराक निकाल ली है फिर ऐसी खाद पड़ेगी जिस में ये सब चीज़ें काफ़ी मौजूद हों ज़मीन नयी फ़सल बोने के लायक़ समझी जायगी। नहीं तो इसी तरह धीरे धीरे पेड़ों की सारी ख़ुराक निकल जाने से ऊसर बन जायगी ॥ गोबर खली राख हड्डी का चूर उम्दा खाद हैं। इन में बहुत से वह तत्व मिले हैं जो पेड़ों की ख़ुराक हैं ॥ लेकिन यह न समझना कि सब अनाज और तरकारियां

For Private and Personal Use Only

में गेहूं के से तत्व हैं। नमूने के लिये दो चार चीज़ों के हम और बताए देते हैं ॥

हज़ार हिस्से में कितने हिस्से पानी और कितने हिस्से राख और फिर उस राख में कितने कितने हिस्से पोटाश वग़ैरः

| | जौ | चावल | ज्वार | सरसों | तीसी | चना | शलग़म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पानी .. | १४५ | १३० | १३० | १२० | ११८ | १३८ | १२० |
| राख .. | २१·८ | ३·४ | ३९·१ | ३७·३ | ३२·२ | २४·२ | ३५ |
| पोटाश .. | ४·८ | ·८ | ४·७ | ८·८ | १०·४ | ९·८ | ७·७ |
| सोडा .. | ·६ | ·२ | ·४ | ·४ | ·६ | ·९ | ·३ |
| मैगनीशिया .. | १·८ | ·५ | ३·३ | ४·६ | ४·२ | १·९ | ·३ |
| चूना .. | ·५ | ·१ | ·४ | ५·२ | २·७ | १·२ | ६·१ |
| फ़ासफ़ोरिकएसिड .. | ७·२ | १·७ | ९·१ | १२·८ | १३ | ८·८ | १८·१ |
| सल्फ़्यूरिक एसिड .. | ·५ | · | ·१ | १·३ | ·४ | ·८ | २·५ |
| आलू .. | ५·९ | ·१ | ·५ | ·४ | ४· | ·२ | ·२८ |
| गंधक .. | १·४ | · | १·८ | २·८ | १·७ | २·४ | ·७ |
| क्लारैन .. | · | · | · | ·१ | · | ·६ | · |

शागिर्द—अगर रसायन ही सीख सकते तो फिर यह बखेड़ा किसलिये चैन से सोना चांदी बना कर मज़े क्यों न उड़ावें।

उस्ताद—सोना चांदी तत्व हैं आदमी के बनाये नहीं बनते रसायन उस विद्या को कहते हैं जिसके वसीले से तत्वों का मिलाना और जुदा करना जानें ॥

सूरज चांद नक्षत्र और ग्रह

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



शागिर्द—खूब आप ने तो थोड़े ही में मुझ को सारी पैदाइश का भेद बतला दिया। और तमाम बातों से वाक़िफ़ कर दिया।

उस्ताद—ऐसी बात कभी जो में न कहता। गंगा के बालू का एक दाना देख कर अगर कोई कहे कि मैंने सारा हिमालय पहाड़ देख लिया तो कह सकता है क्योंकि वह बालू का दाना जिस पहाड़ का एक हिस्सा है वह हिमालय पहाड़ आख़िर महदूद है। लेकिन इस पैदाइश की तो हद ही नहीं बिल्कुल अनन्त यानी ना महदूद है॥ उस मालिक पैदा करने वाले की पैदाइश के सामने यह सारा भूगोल उस बालू के दाने की भी बराबरी नहीं कर सकता है। तमाम सूरज चांद नक्षत्र और ग्रह उस की पैदाइश के अंदर हैं आदमी कहां उसका पार पा सकता है॥ देखो यही सूरज जिस से ज़मीन को गर्मी और रोशनी मिलती है। और जिसकी शक्ल और नक्षत्र और ग्रह सब तारों से बड़ी दिखलायी देती है॥ तुम से कितनी दूर है। जो घंटे में तीस कोस चलने वाला घोड़ा यहां से बराबर चला जाय एक सौ अस्सी बरस के क़रीब में मुश्किल से सूरज तक पहुंचेगा उस की रोशनी को भी जो एक सिकंड में एक लाख छियासी हज़ार मील चलती है ज़मीन तक पहुंचने में आठ मिनट से ऊपर लग जाते हैं निदान सूरज तुम से नौ करोड़ मील यानी साढ़े चार करोड़ कोस दूर है॥ ज़मीन का व्यास तो अटकल से चार ही हज़ार कोस का है। लेकिन सूरज का चार लाख कोस से ज़ियादा का है॥ अगर ज़मीन को मटर मानो। सूरज को मटका जानो॥ दूरी के सबब ऐसा छोटा दिखलायी देता है। उस के गिर्द ज़मीन समेत ग्यारह ग्रह जिस सिल्सिले से नीचे लिखे हैं घूमा करते हैं वह सदा स्थिर रहता है॥ गो वह लट्टू की तरह अपनी धुरी पर घूमा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



करता है। लेकिन अपनी जगह से नहीं हटता है॥ दिखलायी ऐसा देता है कि ज़मीन स्थिर है सूरज पूरब से पच्छम सिर पर दौड़ा चला जाता है। लेकिन चलती हुई नाव पर से नदी का कनारा भी ऐसा ही दौड़ता हुआ दिखलायी देता है॥ ग्यारह ग्रह बुध शुक्र पृथ्वी मंगल वेस्टा जूनो सीरिस पालस बृहस्पति शनैश्चर और यूरेनस हैं इन के सिवाय बारह ग्रह अब और भी नये ज़ाहिर हुए हैं। उन में नेपचूयून बड़ा और सब से दूर है बाक़ी ग्यारह वेस्टा और जूनो वग़ैरः की तरह छोटे २ हैं॥ बुध शुक्र मंगल बृहस्पति और शनैश्चर यह पांच नाम तो इधर के हैं। बाक़ी पृथ्वी के सिवाय सब अंग-रेज़ी हैं॥ थोड़े दिनों से मालूम हुए हैं जों जों फ़रंगिस्तान में बड़ी से बड़ी दूरबीनें बनती जाती हैं उन के ज़ोर से नये नये ग्रह ज़ाहिर होते जाते हैं॥ चांद को ग्रहों में नहीं गिना। वह उपग्रहों में गिना गया॥ ग्रह सूरज के गिर्द घूमता है। उपग्रह यानी चांद अपने ग्रह के गिर्द घूमता हुआ सूरज के गिर्द घूमता है॥ यह एक हमारा चांद हमारी ज़मीन के गिर्द अट्ठाईस दिन के लग भग अर्से में घूमता हुआ सूरज की फेरी देता है। बाक़ी अठारह इसी तरह अपने अपने ग्रहों के गिर्द घूमते हैं उन में से आठ चांद शनैश्चर अपने साथ लिये फिरता है॥ छ यूरेनस के गिर्द घूमते हैं। और चार बृहस्पति के गिर्द फिरा करते हैं॥ चांद यानी उपग्रह सब ग्रहों की तरह बे रोशनी हैं। सूरज की रोशनी से वह रोशन रहते हैं॥ हम ज़मीन वालों को सदा अपने चांद का पूरा रोशन हिस्सा नहीं दिखलायी दे सकता है। इसी लिये पूर्णमासी से अमावस तक उस की कला का घटाव और फिर अमावस से पूर्णमासी तक बढ़ाव

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



नज़र पड़ता है ॥ यही हाल सब उपग्रहों का है । दूरबीन से देखो तो अपूर्ण और पूर्ण का सब में इसी तरह बखेड़ा लगा है ॥ केतु यानी दुमदार ( झाड़ू के तारे ) भी सूरज के गिर्द घूमते हैं । बहुत हैं लेकिन अभी उन का हाल जैसा चाहिये मालूम नहीं हुआ है इसी लिये उन के निकलने और डूब ने का वक़्त ठीक नहीं बतला सकते हैं ॥ निदान ग्रह उपग्रह और केतु को छोड़कर बाक़ी सब सूरज की तरह नक्षत्र हैं । और अनुमान करते हैं कि उन के गिर्द भी ग्रह वग़ैरः घूमते हैं ॥ और तअज्जुब नहीं कि उन में उन के मुवाफ़िक़ जानदार भी हों क्योंकि उस मालिक पैदा करनेवाले ने बे फ़ायदा कुछ नहीं पैदा किया । लेकिन ग्यारहवां ग्रह यूरेनस सूरज से एक अरब अस्सी करोड़ मील दूर है ज़रा तुम ने इस पर भी ध्यान दिया ॥ और फिर छोटे से छोटा तारा भी एक ऐसा ही सूरज है । यहां से पास पास दिखलायी देते हैं लेकिन आपस में उन का तफ़ावत एक दूसरे से करोड़ों बल्कि अर्बों कोस है ॥ इन नक्षत्र में जो सब से ज़ियादा ज़मीन के नज़दीक है ॥ उस की भी रोशनी यहां तक तीन बरस में पहुंचती है ॥ बहुतेरे तो इतनी दूर हैं कि जब से उनकी पैदाइश हुई उन की रोशनी चला आती है लेकिन आजतक यहां नहीं पहुंची ॥ तुम इन तारोंको जो दिखलायी देतेहैं गिनतीसे बाहर समझते हो । बेशक हर्गिज़ नहीं गिन सकते हो ॥ लेकिन जो दिखलायी नहीं देते वह कितने होंगे अक़्ल बिलकुल हैरान है । जितनी बड़ी दूरबीन तय्यार होतीहै उतनेही नये तारे आंख के सामने चमकने लगते हैं समझ बिलकुल परेशान है ॥ और फिर तमाशा यह कि सारा तारा मण्डल उस की

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



पैदाइश का एक बालू का दाना भी नहीं। निर्मल नील आस्मान में रात के वक़्त उत्तर से दक्खन को जो हलके हलके बादल के से सफ़ेद सफ़ेद टुकड़े दिखलायी देते हैं जिन को आकाश गंगा और नागवीथी भी कहते हैं बादल के बादल एक एक तारा मंडल है कौन जाने उस की पैदाइश में ऐसे ऐसे कितने तारा मंडल पड़े होंगे कब किसी ने इस का पता पाया कहीं॥ ज़मीन तीन सौ पैंसठ दिन पांच घंटे छप्पन मिनट और सैंतालीस सिकंड यानी तीन सौ पैंसठ दिन चौदह घड़ी बावन पल में सूरज के गिर्द घूम आती है वही उस का बरस है। हिन्दू कुछ काम मानते हैं यही तीसरे साल लौंद का एक महीना बढ़ाने का सबब है॥

ज़मीन लट्टू की तरह अपनी धुरी पर भी चौबीस घंटे में पच्छम से पूरब को घूमा करती है। उस का आधा हिस्सा जो सूरज के सामने रहता है उस में दिन और जो नहीं रहता है उस में रात रहती है॥ नीचे ज़मीन की तसवीर यानी एक



गोला है और उस में डोरी लगा कर एक आदमी उस को घुमा रहा है। सूरज की जगह पर बत्ती जला दी है उस गोले का जो जो हिस्सा बत्ती के सामने आता जाता है उस पर उजाला और जो जो ओट में पड़ता जाता है उस पर अंधेरा गोया दिन और रात का नमूना दिखलाता है॥ ज़मीन के उत्तर और दक्खन ध्रुवों पर यानी उस की अनुमित धुरी के दोनों सिरों पर छ महीने का दिन और छ महीने की रात

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



हुआ करती है। क्योंकि छ महीने ज़मीन ज़रा एक रुख को और छ महीने दूसरे रुख को झुकी रहती है॥ इसी से उत्तरायन और दक्षिणायन होता है। और मौसिम भी बदलता रहता है॥

ज़मीन की इसी अनुमित धुरी के दोनों सिरों का नाम ध्रुव है। उत्तर उत्तरी और दक्खन दक्षिणी ध्रुव है॥ अपनी धुरी पर पच्छम से पूरब को ज़मीन के घूमने से सारा आस्मान पूरब से पच्छम को घूमता मालूम पड़ता है। लेकिन जो कुछ ध्रुव के सामने है वह जहां का जहां रहता है॥ उत्तर ध्रुव के सामने जो तारा है। वह भी उत्तरी ध्रुव कहलाता है॥ दक्षिणी के ठीक सामने कोई ऐसा तारा नहीं है। जो है वह कुछ दूर हट कर अलबत्ता है॥

जब सूरज नहीं दिखलाई देता घड़ी देख कर वक़्त दर्याफ़्त करते हैं जेबी घड़ी एक डिबिया सी होती है उस की परिधि को बराबर बारह हिस्सों में बांट कर एक से बारह तक के अंक यानी घंटों के निशान उन पर लिख लेते हैं॥ और फिर हर हिस्से को बराबर पांच हिस्सों में बांट कर उन पर लकीरें यानी मिनट के निशान कर देते हैं। एक घंटे में साठ मिनट हुआ करते हैं॥ इस परिधि के केंद्र पर छोटी घंटे की और बड़ी मिनट की दो सूइयां रहती हैं छोटी सूई एक घंटे में एक अंक से दूसरे पर पहुंचती है। और दिन रात में दो चक्कर पूरा करती है॥ क्योंकि दिन रात में चौबीस घंटे होते हैं। और बड़ी सूई एक घंटे में एक चक्कर पूरा करती है क्योंकि एक घंटे में साठ मिनट हुआ करते हैं॥ दोपहर और आधी रात को दोनों सूइयां बारह के अंक पर हो जाती हैं। फिर एक घंटे में छोटी सूई तो वहां

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



से एक के अंक पर पहुचती है। और उतनी ही देर में बड़ी सूई पूरा चक्कर करके बारह के अंक पर आ जाती है॥ इस घड़ी में घंटों की गिनती दहने से होती है यानी बारह के अंक से दोनों सूइयां दहनी तरफ़ चलती हैं छोटी सूई बारह के अंक से जितने अंकों पर फिर चुकी हो उतने घंटे और बड़ी सूई मिनट के जिस निशान पर हो उतने मिनट उन घंटों पर मानलो। जैसा कि इस तस्वीर में छोटी सूई पांच के अंक पर है और मिनट वाली यानी बड़ी सूई एक के अंक से एक मिनट ज़ियादा पर है तो समझो कि पांच घंटे पर छ मिनट हुए अच्छी तरह तस्वीर में देखो॥



यहां वाले सूरज निकलने से दिन गिनते हैं लेकिन अंगरेज़ लोग आधीरात से दिन का हिसाब करते हैं। और इसी लिये अंगरेज़ी घड़ियों में आधीरात और दोपहर को बारह बजते हैं॥ घड़ी बनाने के लिये बड़ी चतुराई चाहिये फ़रंगिस्तान ही से बनकर आती हैं। और बड़े दामो पर बिकती हैं॥ इसी लिये यहां अक्सर बालू या पानी की घड़ी से काम चलाते हैं। या धूप घड़ी बना लेते हैं॥ शीशा भी फ़रंगिस्तान में बिल्लौर कासा साफ़ निहायत उम्दा बनता है। बालू और सोडा को जो एक क़िस्म की सज्जी होती है कड़ी आंच देने से तय्यार हो जाता है॥ ऐब उस में इतना ही है। कि टूटता जल्द है॥ सो सुनते हैं कि अब वहां किसी ने ऐसी भी तर्कीब निकाली है कि शीशा न टूटे। बल्कि टूटने के बदल चमड़े की तरह लचक जावे

॥ इति ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

# फ़िहरिस्त उन संकेतों की जिन के लिये उर्दू में दूसरे शब्द लिखे गये हैं

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तत्व | ... | عنصر | समकोन | ... | زاویۂ قائمہ |
| जरायुज | | | न्यूनकोन | ... | حادّہ |
| पिंडज | | | अधिककोन | ... | منفرجہ |
| अंडज | } ... | حیوانات | त्रिभुज | ... | مثلث |
| जीवजंतु | | | चतुर्भुज | ... | مربع |
| उद्भिज | | | भुज | ... | ضلع |
| वनस्पति | } ... | نباتات | समद्विबाहु | | متساوي الساقين |
| आकरज | ... | جمادات | जात्यायत | ... | مستطیل |
| आमाशय | ... | معدہ | परिधि | ... | محیط |
| पशुबुद्धि | ... | حیواني عقل | केंद्र | ... | مرکز |
| राजधानी | ... | دارالسلطنت | व्यास | ... | قطر |
| जात | ... | قوم | वृत्त | ... | دائرہ |
| परलोक | ... | عاقبت | धरातल | ... | سطح |
| गरुड़ | ... | عقاب | पिंड | — | جسم |
| इंद्रिय | ... | حواس | अर्थ | ... | معني |
| परमाणु | ... | ذرّہ | संकेत | ... | اصطلاح |
| बुद्धि | ... | عقل | अक्षर | ... | حرف |
| उत्तर | ... | شمال | पोथी | ... | کتاب |
| ध्रुव | ... | قطب | पीड़ | ... | تنہ |
| इंद्रधनुष | ... | قوس قزح | आकर्षणशक्ति | ... | قوت جاذبہ |
| गणित | ... | رياضي | बिंदी | ... | نقطہ |
| परलरेखा | ... | مستقیم خط | महाद्वीप | ... | اعظم |

For Private and Personal Use Only

| | | | |
|---|---|---|---|
| विषुवतरेखा / मध्यरेखा ... | خط استوا | नक्षत्र ... | ثوابت |
| | | ग्रह ... | سیارہ |
| दक्षिण ... | جنوب | पृथ्वी ... | زمین |
| ध्रुव के समीपी | قطب کے قریب | बृहस्पति ... | برہسپت |
| मनुजी ... | حضرت آدم | शनैश्चर ... | سنیچر |
| ज्वालामुखी ... | آتش فشان | उपग्रह ... | قمر |
| ध्रुवमत्स्य ... | قطب نما | अपूर्ण ... | ہلال |
| अंश ... | درجہ | पूर्ण ... | |
| भूगोल ... | کرۂ زمین | केतु ... | دمدار سیارہ |
| वर्ग ... | مربع | अनुमान ... | قیاس |
| शून्य ... | خلا | आकाशगंगा / नागवीथी ... | کہکشاں |
| रसायन ... | کیمیا | | |
| विद्या ... | علم | अनुमित ... | فرضی |
| अनन्त ... | نامحدود | अंक ... | ہندسہ |

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

# निवेदन

## राजाशिवप्रसाद सितारेहिंदका ॥

पढ़नेवाले इसमें जो कुछ अशुद्ध पावें नीचे लिखा नक्शाभरके ग्रंथकर्त्ताके पास भेजदें दूसरी बार छपनेमें शुद्ध करदिया जावेगा—

| नाम | पृष्ठ | पं० | अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | |

नीचे लिखी हिन्दी और उर्दू पुस्तकों का "कापीराइट" ग्रंथकर्त्ता ने अपनेमित्र मुन्शी नवलकिशोर (सी, आई, ई) को देदियाहै उनसे मंगावें॥

हिन्दी:—

१ भूगोलहस्तामलक। २ छोटा भूगोलहस्तामलक। ३ इतिहासतिमिरनाशक (तीनखण्डों में)। ४ हिन्दी व्याकरण। ५ वामामनरंजन। ६ गुटका (तीनखण्डों में) ७ मानवधर्म्मसार। ८ अंगरेज़ीसमेत। ९ सिक्खोंका उदयअस्त। १० वर्णमाला। ११ विद्यांकुर। १२ स्वयम्बोधउर्दू। १३ अंगरेज़ी अक्षरों के सीखनेका उपाय। १४ बच्चोंका इनाम। १५ राजाभोजका सुपना। १६ वीरसिंहका वृत्तांत। १७ आलसियों का कोड़ा। १८ निवेदन (दयानंदी)। १९ आजमगढ़ रीडर। २० मोहमुद्गर। २१ लेकचर ज्ञान और कर्म्मपर। २२ जैन और बौद्धका भेद। २३ भाषा कल्पसूत्र। २४ प्रेमरत्न। २५ गीतगोविंदादर्श। २६ लीलावतीभाषा। २७प्रश्नोत्तरमाला। २८क़िस्सा सेण्डफोर्डव मर्टन(तीनोंहिस्से)॥

उर्दू:—

१ जामिजहांनुमा (चारजिल्दों में)। २ छोटा। ३ आइने तारीख़नुमा (तीनहिस्सों में)। ४ सर्फ व नहव (उर्दू)। ५ सर्फ व नहव (फ़ारसी) ६ दिलबहलाव (तीनहिस्सों में)। ७ क़िस्से सेण्डफोर्ड व मर्टन। ८ मज़ामीन। ९ सिक्खोंका तुलू और गुरूब। १० कुछ बयान अपनी ज़ुबानका ११ चमेली और गुलाब का क़िस्सा। १२ सच्ची बहादुरी। १३ मिफ़्र अतुलफ़ाहिलीन। १४ इकाइकुल मौजूदात। १५ हुरूफ़ितहज्जी। १६ हालाति हिनरी कार टक्कर कमिश्नर। १७ क़िस्सा सेण्डफोर्ड व मर्टन तीनों हिस्से अलग २॥

For Private and Personal Use Only